

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी



◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 142 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, मंगलवार 28 मार्च 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -7 पर कलेक्टर जनदर्शन दो बुजुर्ग महिलाओं को तत्काल ...

गाड़ा समाज के लोगों ने किया थाने का घेराव... पेज -8 पर


# ओपन-फोर्ज से ई-गवर्नेंस को मिलेगा बढ़ावा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देने के लिए ओपन-फोर्ज सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया जाएगा। ओपन-फोर्ज प्लेटफार्म के जरिए विभागों को उनकी योजनाओं और कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग और योजनाओं की पहुंच लोगों तक बढ़ाने के लिए आसानी से सॉफ्टवेयर मिल सकेगा।

राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में चिप्स द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों को ओपन-फोर्ज के उपयोग के लिए दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य राज्य के नागरिकों तक सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के आधुनिकतम तकनीकों के लाभ पहुंचाना है। प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ सत्र को सम्बोधित करते हुए नेशनल ई गवर्नेन्स डिविजन (NeGD), कम्युनिटी डेवलपमेंट मेनेजर, नई दिल्ली के श्री अमित कुमार ने




**शासकीय विभागों को ऑनलाईन सॉफ्टवेयर आसानी से उपलब्ध हो सकेगा**

बताया कि शासन के सभी विभागों की आवश्यकता के अनुरूप ओपन फोर्ज प्लेटफार्म का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्लेटफार्म में शासकीय विभागों द्वारा संचालित जन उपयोगी सेवाओं के संचालन हेतु अनेक सॉफ्टवेयर मिलेंगे, इससे देश में संचालित विभिन्न योजनाओं में एकरूपता आयेगी और शासन के बहुमूल्य धन और समय की भी बचत होगी।

कार्यशाला में चिप्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अमिताभ शर्मा ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार की संस्था नेशनल ई गवर्नेन्स डिविजन (NeGD), कम्युनिटी डेवलपमेंट मेनेजर, नई दिल्ली के अमित कुमार, प्रोजेक्ट लीड संजय कुमार पटेल और टेक्नीकल लीड दुर्गेश कुमार सिंह, द्वारा दो दिनों तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। ओपन फोर्ज विषय पर आयोजित इस कार्यशाला में चिप्स सहित कृषि विभाग, परिवहन विभाग, एन. आई. सी., बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग, भू एवं राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा समग्र शिक्षा के 35 से अधिक अधिकारी शामिल हुए।

## समाचार शीर्ष

### छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सैलजा आज आएंगी रायपुर

पीसीसी की होगी अहम बैठक



**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा 28 मार्च मंगलवार को इंडिगो के नियमित विमान सेवा से दोपहर 1:45 बजे रायपुर पहुंचेंगी। दोपहर 2 बजे राजीव भवन में आयोजित बैठक में भाग लेंगी।

29 मार्च बुधवार को सुबह 11 बजे राजीव भवन रायपुर में पत्रकारवार्ता को संबोधित करेंगी। शाम 5:40 बजे इंडिगो के नियमित विमान सेवा से रायपुर से नई दिल्ली के लिए रवाना होगी।

### विधायक सत्यनारायण शर्मा के नेतृत्व में समिति का मिजोरम दौरा

शराबबंदी के सामाजिक और आर्थिक स्थितियों की करेंगे जांच

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में शराबबंदी को लेकर विपक्ष सरकार पर आए दिन निशाना साधते रहता है. वहीं सरकार भी शराबंदी को लेकर समिति का गठन किया है. वहीं अब गठित समिति बिहार और गुजरात के दौरे के बाद अब मिजोरम दौरे पर जाने की तैयारी में है।

गौरतलब हो कि कांग्रेस ने चुनावी घोषणापत्र में शराबबंदी का वादा किया था. जिसके लिए सरकार ने समिति भी गठित की है. समिति शराबबंदी करने से पहले 2 राज्य बिहार और गुजरात का दौरा कर चुकी है. अब वरिष्ठ विधायक और समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा के नेतृत्व में समिति 10 अप्रैल से चार दिवसीय मिजोरम दौरे पर रहेगी. विधानसभा 2023 चुनाव के पहले समिति का ये आखरी दौरा है।

# एनएसयूआई ने रायपुर में किया अनोखे तरीके से विरोध, शवयात्रा निकालकर किया प्रदर्शन

**रायपुर।** एनएसयूआई ने राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म करने को लेकर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अनोखे तरीके से प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस कड़ी में रायपुर सांसद सुनील सोनी के निवास का घेराव किया। रायपुर जिला एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने शव यात्रा महात्मा गांधी के वेशभूषा में रहकर निकाला। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी ने पीएम पर आरोप लगाते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी लगातार लोकतंत्र का गलाघोटकर उसकी हत्या करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि जैसे नार्थ कोरिया के शासक अपना तानाशाह सरकार चला रहे हैं, वैसे ही तानाशाह सरकार नरेंद्र मोदी चला रहे हैं। गोस्वामी ने कहा की जब तक हमारे नेता राहुल गांधी की सदस्यता बहाल नहीं की जाती। रायपुर जिला एनएसयूआई निरंतर विभिन्न तरीकों से प्रदर्शन करते रहेंगे।



# पारंपरिक लोक संगीत के साथ हुआ कुदरगढ़ महोत्सव का आगाज

ख्याति प्राप्त कलाकारों ने सुरमयी गीत-संगीत से बांधा समां

**रायपुर।** सूरजपुर अंचल की अधिष्ठात्री देवी मां बागेश्वरी के धाम में तीन दिवसीय कुदरगढ़ महोत्सव का रविवार देर शाम लोक पारंपरिक गीतों के साथ आगाज हो गया। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कुदरगढ़ महोत्सव का शुभारंभ किया। पहले दिन ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा अलग-अलग विधाओं में प्रस्तुत सुरमयी गीत-संगीत ने समां बांध दिया। महोत्सव में पारंपरिक लोक संगीत की धुनों के अलावा



**स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने किया महोत्सव का शुभारंभ**

क्लासिकल डांस और भजन पर लोग झूमते रहे। संसदीय सचिव श्री परसनाथ राजवाड़े ने शुभारंभ समारोह की अध्यक्षता की। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, संसदीय सचिव श्री पारसनाथ राजवाड़े ने अंचल के लोगों को चैत्र नवरात्रि पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# सांसद गोमती साय मिली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से

हुई रायगढ़ सहित छत्तीसगढ़ के विकास पर चर्चा

जोहार छत्तीसगढ़-फरसाबहार।



**रायगढ़** लोकसभा क्षेत्र सांसद गोमती साय ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान मोदी ने सांसद से रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के विकास पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य की वर्तमान परिस्थितियों एवं विकास के मुद्दों पर भी चर्चा की। साय ने रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तीनों जिले रायगढ़, जशपुर एवं नवीन जिला सारंगढ़ के भौगोलिक, राजनैतिक परिस्थितियों के साथ क्षेत्र के विकास आवश्यकता की जानकारी दी। सांसद साय ने प्रधानमंत्री को अपनी क्षेत्र भ्रमण, सांस्कृतिक, राजनैतिक, धार्मिक कार्यक्रमों, जनसंपर्क दौरो एवं जनता से मुलाकात की सचित्र जानकारी पुस्तक के रूप में प्रदान करते हुए क्षेत्र की समस्याओं एवं आवश्यकताओं से अवगत कराया।

राहुल गांधी को लेकर कांग्रेस हमलावर

# देश भर में होगी प्रेस कांफ्रेंस, यूपी में सीएम बघेल दागेंगे सवाल

**रायपुर।** राहुल गांधी मामले में 29 मार्च को कांग्रेस देश भर में प्रेस कांफ्रेंस करने जा रही है. जिसको लेकर सीएम भूपेश बघेल 29 मार्च को उत्तरप्रदेश के लखनऊ दौरे पर रहेंगे. जहां वे प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करेंगे. वहीं कुमारी शैलजा रायपुर में प्रेस को संबोधित करेंगी. इससे पहले कांग्रेस ने पूरे देश में सत्याग्रह कर मोदी सरकार को घेरने का काम किया था। राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता जाने के बाद कांग्रेस पार्टी ने मोदी सरकार के खिलाफ हमलावर रुख अपनाया है. राहुल की सदस्यता जाने के बाद कांग्रेस राजघाट में सत्याग्रह कर रही है. इस दौरान प्रियंका गांधी ने मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा है. प्रियंका गांधी ने कहा, इस देश का प्रधानमंत्री कायर है. अब लगा दो केस मुझ पर और जेल ले जाओ. लेकिन सच्चाई यही है कि देश का प्रधानमंत्री कायर है. अपनी सत्ता के पीछे छिपा हुआ है. अहंकारी है और इस देश की बहुत पुरानी परंपरा है, हिंदू धर्म की पुरानी परंपरा है कि अहंकारी राजा को जनता जवाब देती है।



# मोदी' पर राजनीति जारी, भाजपा ने लगाया ओबीसी समाज को अपमानित करने का आरोप, कांग्रेस ने किया पलटवार

**रायपुर।** मोदी सरनेम पर राजनीति जारी है. नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राहुल गांधी ने ओबीसी समाज का अपमान किया है. वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने पलटवार करते हुए भाजपा पर राजनीति के स्तर को नीचा गिराने का आरोप लगाया है।

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी ने ओबीसी समाज को आहत पहुंचाने के साथ अपमानित किया है. आने वाले समय मे सम्पूर्ण ओबीसी समाज कांग्रेस और राहुल गांधी को सबक सिखाएगा. उन्होंने कहा कि अहंकार में कभी राजनीति नहीं होती. कांग्रेस और राहुल दोनों को संविधान का सम्मान करना चाहिए. उन्होंने कहा कि बीजेपी कार्यालयों पर हमला करना लोकतांत्रिक मूल्यों का विरोध है. नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के बयान पर कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा कि बीजेपी कार्यकर्ताओं ने राजनीति के स्तर को गिराया है. कांग्रेस कार्यालय में पथराव के साथ कार्यकर्ताओं से मारपीट की गई. भाजपाई राजीव भवन में पेट्रोल बम, कालिख और पत्थर लेकर आये थे. ये भाजपा का लोकतांत्रिक मूल्य है. अदालत ने 30 दिन का समय दिया, लेकिन संसद ने उनकी सदस्यता खत्म कर दी।




# टीबी के प्रति जागरूक करने स्वास्थ्य भवन में हस्ताक्षर अभियान

स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक भीम सिंह ने किया अभियान का शुभारंभ




रायपुर। विश्व क्षय दिवस के मौके पर लोगों को टीबी रोग के प्रति जागरूक करने प्रदेश भर में अनेक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग एवं टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की सहयोगी संस्थाओं द्वारा कई अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज नवा रायपुर स्थित स्वास्थ्य भवन में स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक श्री भीम सिंह ने हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने टीबी रोग को समाप्त करने और छत्तीसगढ़ को टीबी मुक्त करने की शपथ लेकर बोर्ड पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने सभी से अपील की कि वे एकजुट होकर इस वैश्विक बीमारी के खिलाफ लड़ाई में शामिल हों और इसके उन्मूलन में सहयोग करें। राज्य क्षय अधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र गहवई ने बताया कि लोगों को टीबी के प्रति जागरूक करने पूरे राज्य में 13 अप्रैल तक अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है। सभी जिलों में टीबी के प्रति जागरूकता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें शपथ ग्रहण, माइकिंग, नुक्कड़ नाटक, रैली तथा टीबी के मरीजों को नि:शुल्क पोषण आहार वितरण जैसी गतिविधियां शामिल हैं।

**ज्ञापन सौंपा...** राइट टू हेल्थ बिल को अगले विचार-विमर्श तक लागू होने से रोकने की अपील

# राजस्थान सरकार के फैसले का छत्तीसगढ़ में विरोध, आईएमए के सदस्यों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

रायपुर। आई एम ए रायपुर के सदस्यों ने राजस्थान सरकार द्वारा लाए गए राइट टू हेल्थ कानून के विरोध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा. डॉक्टर काली पट्टी बांधकर कलेक्टर ऑफिस पहुंचे थे. राजस्थान सरकार के नाम कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे को सौपा ज्ञापन ..

राजस्थान सरकार द्वारा लाए गए 2023 के राइट टू हेल्थ बिल का विरोध किया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अध्यक्ष डॉक्टर राकेश गुप्ता ने इस बिल को गैर कानूनी बिल बताया है. राइट टू हेल्थ बिल को अगले विचार-विमर्श तक लागू होने से रोकने की अपील की है।

ज्ञापन के माध्यम से जानकारी देते हुए डॉक्टर राकेश गुप्ता ने कहा कि पूरे भारतवर्ष का चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत समुदाय राजस्थान में पास हुए राइट टू हेल्थ बिल 2023 को लेकर चिंतित है. और बिना विचार-विमर्श जल्दबाजी में लाए गए इस गैरकानूनी बिल का प्रतिरोध करता है। इस बिल में सभी मरीजों के लिए प्राइवेट अस्पताल में आपातकालीन सेवाएं सुनिश्चित करने का निश्चय व्यक्त किया गया है, लेकिन इस बिल में आपातकालीन स्थिति को चिकित्सकीय दृष्टि से परिभाषित नहीं किया गया है. इस बिल को सरकारी अस्पतालों और संस्थानों के लिए प्रारंभिक तौर पर लागू किया जाए. कोई भी जनकल्याणकारी सरकार किसी भी मॉडल को सफल होने के लिए अपने अस्पतालों में लागू करना पसंद करती है. सीधे-सीधे निजी स्वास्थ्य क्षेत्र में इसको लागू करने से विरोध और संशय की स्थिति सामने आना कि सम्भावना है।



कानूनी दृष्टि से ना केवल यह बिल निजी क्षेत्र के लिए आक्रामक बताया जा रहा है, बल्कि इसके आने से पहले ही बोझ तले दबी 70त्र से अधिक निजी स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा जाने की आशंका है. सभी प्रकार के निजी अस्पतालों में सभी तरह की इलाज की सुविधाएं नहीं होती हैं. डॉक्टरों की उपलब्धता के आधार पर 80त्र से ज्यादा अस्पताल आपने विशेषज्ञता की सेवाएं देते हैं. राजस्थान में पहले से ही चिरंजीवी योजना के अंतर्गत 25 लाख तक का इलाज निशुल्क दिया जा रहा है।

# विधायक धरमजीत कांग्रेस में होंगे शामिल!

## चरणदास महंत का बड़ा बयान, कहा- मैं प्रवेश कराने कर रहा हूं पहल

**रायपुर/लोरमी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष चरणदास मंहत के एक बयान से राजनीतिक गलियारों में खलबली मच गई है. चरणदास महंत ने लोरमी विधायक धरमजीत सिंह को लेकर बड़ा बयान दिया है. महंत ने कहा कि धरमजीत सिंह अपने आप में कद्दावर नेता हैं, हम लोग तो चाहेंगे हमारे साथ रहें, लेकिन किसी कारण से वो जहां चाहे जा सकते हैं, मगर रहेंगे हमारे साथ और हमारे दिल में ही. मैं अभी भी उन्हें कांग्रेस प्रवेश कराने का पहल कर रहा हूं. वो कद्दावर नेता हैं, उनके लिए सबके दरवाजे खुले हैं।

विधानसभा अध्यक्ष नगर पंचायत क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लागत से बने सामुदायिक भवन और खुड़िया में नवनिर्मित स्व. प्रभुदत्त खेड़ा पर्यटक कुटीर का लोकार्पण कार्यक्रम करने लोरमी पहुंचे थे, जहां मीडिया से चर्चा के दौरान ये बयान दिया है, जिससे खलबली मच गई है। गौरतलब हो कि 2018 विधानसभा चुनाव में धरमजीत सिंह ने जेसीसीजे (छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस) की टिकट पर चुनाव जीता था, लेकिन कुछ महीने पहले उन्हें जेसीसीजे ने निष्कासित कर दिया था, जिसके बाद से उनके बीजेपी-कांग्रेस में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन अब तक धर्मजीत सिंह किसी पार्टी में शामिल नहीं हुए हैं।



# खुशहाल देशों की रैंकिंग तथ्यों के आधार पर नहीं मनमर्जी से तय कर ली गयी है

साल 2023 के लिए 'ग्लोबल हैप्पीनेस इंडेक्स' जारी कर दिया गया है, जिसमें फिनलैंड ने लगातार छठीं बार सर्वोच्च स्थान पाया है। यह बात भी गौर करने की है कि तीन अंकों का सुधार करके भारत इसमें 136वें स्थान पर पहुंचा है, जो आश्चर्यकारी है। इस सूची को जारी करने में अवश्य ही कोई पूर्वाग्रह या आग्रह दिखाई देता है। क्योंकि ऋण की गुहार लगाता एवं त्राहिमाम करता पाकिस्तान 103वें स्थान पर है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि शीर्ष 20 देशों की सूची में एशिया का एक भी देश शामिल नहीं है। कुछ ऐसी ही विडंबनाएं एवं विसंगतियां भी हैं, जो इस सूचकांक के महत्व को घटा देती हैं। जो दुनिया के खुश देशों के आकलन में त्रुटि की पूरी संभावनाएं होने को दर्शाता है। अनेक सवाल खड़े करती है यह खुशहाल देशों की रैंकिंग।

चीन में लोगों को धार्मिक-आर्थिक आजादी भी सही ढंग से नहीं मिली है, पर वह 82वें स्थान पर है। नेपाल 85वें, तो बांग्लादेश 99वें स्थान पर है। आर्थिक रूप से बदहाल श्रीलंका 126वें स्थान पर है। ऐसे में, भारत की 136वीं रैंकिंग किसी को अचंभित कर सकती है, इस आकलन की गुणवत्ता एवं निष्पक्षता पर सवाल भी खड़े कर सकती है। हैप्पीनेस इंडेक्स में किसी देश की स्थिति जानने के लिए उसकी जीडीपी, वहां जीवन की गुणवत्ता और जीवन प्रत्याशा का देखा जाता है। इस साल की रैंकिंग में 150 से ज्यादा देशों के डाटा का अध्ययन करने के बाद सूची तैयार की गई है। इस बार 2020 से 2022 तक देशों के औसत जीवन मूल्यांकन के आधार पर रिपोर्ट तैयार की गई है। दो अन्य मोर्चों पर खुशहाली को मापने की कोशिश हुई है जिसमें भारत की इतनी बुरी हालात को नहीं दर्शाया गया है।

फिर भी एक बड़ा सवाल है कि हम प्रसन्न समाजों की सूची में क्यों नहीं अव्वल आ पा रहे हैं। यह सवाल सत्ता के शीर्ष नेतृत्व को आत्ममंथन करने का अवसर दे रहा है, वहीं नीति-निर्माताओं को भी सोचना होगा कि कहां समाज निर्माण में त्रुटि हो रही है कि हम लगातार खुशहाल देशों की सूची में सम्मानजनक स्थान नहीं बना पा रहे हैं। भारत सरकार इस रिपोर्ट को कितनी गंभीरता से लेती है,



**हम प्रसन्न समाजों की सूची में क्यों नहीं अव्वल आ पा रहे हैं। यह सवाल सत्ता के शीर्ष नेतृत्व को आत्ममंथन करने का अवसर दे रहा है, वहीं नीति-निर्माताओं को भी सोचना होगा कि कहां समाज निर्माण में त्रुटि हो रही है कि हम लगातार खुशहाल देशों की सूची में सम्मानजनक स्थान नहीं बना पा रहे हैं।**

यह देखने वाली बात है। वैसे इस सूचकांक के अलावा भी जो दो अन्य सर्वे जारी हुए हैं, जिनमें एक कंसल्टिंग फर्म हैप्पीप्लस की 'द स्टेट ऑफ हैप्पीनेस 2023' रिपोर्ट के अनुसार, देश में करीब 35 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने 2022 में नकारात्मकता और दुख का अनुभव किया है, यानी 65 प्रतिशत भारतीय लोग अपेक्षाकृत खुश हैं। यह रिपोर्ट 36 राज्यों व केंद्रशासित क्षेत्रों के 14 हजार लोगों की प्रतिक्रिया के आधार पर तैयार की गई है। एक अन्य सर्वे भी है, जिसके अनुसार, भारत में कम से कम 84 प्रतिशत लोगों ने खुश होने का दावा किया है। जीवन संतुष्टि पर आधारित यह 'इप्सोस ग्लोबल हैप्पीनेस सर्वे' बताता है कि दुनिया भर में 73 प्रतिशत लोग संतुष्ट हैं। वैसे दुख या खुशी एक ऐसी अवस्था है, जिस पर किसी सर्वे के जरिये एकमत नहीं हुआ जा सकता। फिर भी, ऐसी सूचियों से सकारात्मक प्रेरणा लेते हुए प्रसन्न समाज की संरचना के लिये तमाम तरह के प्रयास करने में ही भलाई है।

खुशहाली सूचकांक के लिए अर्थशास्त्रियों एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की एक टीम व्यापक स्तर पर शोध करती है, यह टीम समाज में सुशासन, प्रति व्यक्ति आय, स्वास्थ्य, जीवित रहने की उम्र, भरोसा, सामाजिक सहयोग, परोपकार, दान भावना, स्वतंत्रता और उदारता आदि को आधार बनाती है। रिपोर्ट का मकसद विभिन्न देशों के शासकों को आईना दिखाना है कि उनकी नीतियां लोगों की जिंदगी खुशहाल बनाने में कोई भूमिका निभा रही हैं या नहीं? हमारा शीर्ष नेतृत्व आजादी के बाद से ही निरन्तर आदर्शवाद और अच्छाई का झूठ रचते हुए सच्चे आदर्शवाद के प्रकट होने की असंभव कामना करता रहा है, इसी से जीवन की समस्याएं सघन होती गयी है, नकारात्मकता का व्यूह मजबूत होता गया है, खुशी एवं प्रसन्न जीवन का लक्ष्य अधूरा ही रहा है, इनसे बाहर निकलना असंभव-सा होता जा रहा है। दूषित और दमघोंटू वातावरण में आदमी अपने आपको टूटा-टूटा सा अनुभव कर रहा है। आर्थिक असंतुलन, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, बिगड़ी कानून व्यवस्था एवं भ्रष्टाचार उसकी धमनियों में कुत्सित विचारों का रक्त संचरित कर रहा है। ऐसे जटिल हालातों में इंसान कैसे खुशहाल जीवन जी सकता है? इन गहन अंधेरों से बाहर निकलते हुए विगत एक दशक में सरकारों के कामकाज एवं नीतियों से एक आशावाद झलका है, कोरोना महामारी से निपटने में भी वर्तमान सरकारों की सकारात्मक भूमिका रही है। इसी से एक और खास बात सामने आयी है वह यह है कि तीन साल की महामारी का समग्रता में भारत की खुशी पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है।

भारत में खुशहाली को बढ़ावा देने में यहां की जनसंख्या सबसे बड़ी बाधा है। भारत जैसे विशाल और असमान विकास वाले देश के लिए 136वां स्थान कितना मायने रखता है? भारत में कई तरह का भारत है, एक अमीर व खुशहाल भारत है, तो उसमें एक गरीब भारत भी है।.

ललित गर्ग

## संपादकीय

### सुन भर लेने की चेतावनी

अब तो दुनिया कुछ इस तरह बंट गई है कि साझा चिंता के विषय कहीं पीछे छूट गए हैँ। बहरहाल, संयुक्त राष्ट्र की अंतर-सरकारी एजेंसी- आईपीसीसी ने फिर एक रिपोर्ट पेश की है। लेकिन उसकी परवाह कौन करेगा? जलवायु परिवर्तन से संबंधित चेतावनियों से पहले भी कोई ज्यादा फर्क नहीं पड़ रहा था, लेकिन अब तक इनका महत्त्व बस सुन भर लेने लायक बचा है। यूक्रेन युद्ध के पहले तक यह स्थिति कि ऐसी चेतावनियों पर दुनिया भर की सरकारें चिंता जताती थीं। वे जलवायु परिवर्तन रोकने के लिए वैश्विक साझा प्रयासों का संकल्प दिखाती थीं। लेकिन अब तो दुनिया कुछ इस तरह बंट गई है कि साझा चिंता के विषय कहीं पीछे छूट गए हैँ। बहरहाल, संयुक्त राष्ट्र की अंतर-सरकारी एजेंसी- आईपीसीसी ने फिर एक रिपोर्ट पेश की है। समिति की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक इस सदी के अंत की बजाए अगले 17 साल में ही वैश्विक तापमान में 1.5 डिग्री की वृद्धि हो सकती है। 36 पन्नों की रिपोर्ट को समरी फॉर पॉलिसीमेकर्स नाम दिया गया है। आईपीसीसी की इस छठी रिपोर्ट में कहा गया है कि बीते वर्षों में जो भी गर्मी देखी गई, वह आने वाले वर्षों के मुकाबले ठंडी महसूस होगी। यानी तपिश इतनी ज्यादा बढ़ जाएगी बीते वर्षों की गर्मियां उनके आगे ठंडी लगने लगेंगी। तो अब कई वैज्ञानिकों का अनुमान है कि मौजूदा हालात बने रहे, तो साल 2100 तक पृथ्वी का औसत तापमान 1.8 डिग्री सेल्सियस बढ़ जाएगा। इसका असर आधी इंसानी आबादी पर पड़ेगा। बहुत ज्यादा गर्मी और अत्यधिक नमी जानलेवा साबित होगी। रिपोर्ट में शामिल विश्व मानचित्र में दिखाया गया है कि दक्षिण पूर्वी एशिया और ब्राजील और पश्चिमी अफ्रीका के कुछ इलाकों को भीषण गर्मी झेलनी पड़ेगी।

# प्रौद्योगिकी से बदलता जीवन, गरीब और वंचितों को भी मुख्यधारा से जोड़ रही है डिजिटल क्रांति

कुछ साल पहले तक प्रौद्योगिकी सुलभ होना किसी के लिए बड़े सौभाग्य की बात मानी जाती थी और यह केवल शहरी अभिजात वर्ग तक ही सीमित थी। ग्रामीण क्षेत्रों के लोग तो इंटरनेट का खर्च उठाने में स्वयं को बिल्कुल असमर्थ पाते थे। वर्ष 2014 तक केवल 25 करोड़ भारतीय ही इंटरनेट का उपयोग किया करते थे। यह संख्या बढ़कर वर्ष 2022 में 84 करोड़ के आंकड़े को छू गई। पहले एक जीबी डाटा की कीमत करीब 300 रुपये होती थी, जो घटकर लगभग 13.5 रुपये प्रति जीबी रह गई है।

इंटरनेट सस्ता हो जाने से लोग विभिन्न सेवाओं का लाभ बड़ी आसानी से उठाने लगे। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा प्रौद्योगिकी को गरीबी के खिलाफ लड़ाई के एक अहम साधन में बदलने से लोगों को काफी लाभ हुआ है। डिजिटल प्रौद्योगिकियां हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गई हैं। एआई, 5जी और क्वांटम प्रौद्योगिकी का चलन अब इतना ज्यादा बढ़ गया है कि वे अब मुख्यधारा में शामिल होती जा रही हैं।

भारत ने ऐसे सार्वजनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाने पर अपना ध्यान केंद्रित किया, जो सभी को उपलब्ध हैं एवं बड़े पैमाने पर सृजित किए गए हैं। कोविन की बदौलत भारत ने अब तक करीब 220 करोड़ खुराक दे दी है। आज 'कोविन' समस्त देशवासियों को डिजिटल प्रौद्योगिकी सुलभ कराने का एक अभूतपूर्व उदाहरण बन गया है। आज पूरे भारत में स्ट्रीट वेंडर्स,



डिजिटल क्रांति आम नागरिकों के जीवन को सशक्त बना रही है। यह सबसे गरीब और वंचित वर्गों का जीवन बदल रही है।

छोटी-छोटी दुकानों से लेकर बड़े-बड़े शोरूम तक में डिजिटल भुगतान के लिए क्यूआर कोड स्टिकर नजर आते हैं।

सार्वजनिक धन का उपयोग करके सरकार ने एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनाया है, जिससे बैंक, बीमा कंपनियां, ई-कॉमर्स कंपनियां, एमएसएमई, स्टार्ट-अप्स और सबसे महत्वपूर्ण 120 करोड़ लोग जुड़ गए हैं। वर्ष 2016 में लॉन्च किया गया यूपीआई अब हर साल 15 खरब डॉलर मूल्य का लेन-देन करता है।

प्रत्येक लेन-देन के लिए औसत निपटान समय दो सेकंड है। इससे पारदर्शिता और सहूलियत बढ़ी है। यही कारण है कि भारत का 'यूपीआई' अब डिजिटल भुगतान के लिए एक वैश्विक मानक बन गया है। लोगों के जीवन को आसान बनाने में प्रौद्योगिकी की भूमिका दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही है। 'फास्टैग' से अब वाहन राजमार्गों पर बिना रुके फर्राटे भरते हैं। 5जी का शुभारंभ होने के साथ ही प्रौद्योगिकी ने ऊंची छलांग लगाई है और 481 जिलों में 5जी कवरेज वाली एक लाख से भी अधिक साइटों को स्थापित किया जा चुका है। भारत आगामी तीन वर्षों में 4जी और 5जी प्रौद्योगिकी का निर्यातक बनने की दिशा में भी निरंतर काम कर रहा है। अब भारत 'ओसीईएन (ओपन क्रेडिट एनैबलमेंट नेटवर्क)' विकसित कर रहा है, जो बैंकिंग प्रणाली को 'नकदी प्रवाह-आधारित ऋण व्यवस्था' में परिवर्तित करके देश भर में कर्जों की उपलब्धता काफी हद तक बढ़ा देगा। 'ओसीईएन' से लोगों को ऋण देने के लिए विभिन्न बैंकों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ जाएगी, जिससे कर्ज की लागत कम हो जाएगी। मॉर्गन स्टेनली के अनुमान के अनुसार, इसकी बदौलत कर्ज-जीडीपी अनुपात मौजूदा 57 फीसदी से बढ़कर वर्ष 2031 तक 100 फीसदी हो जाएगा।डिजिटल और प्रौद्योगिकी-आधारित क्रांति आम नागरिकों के जीवन को सशक्त और रूपांतरित कर रही है। यह सबसे गरीब और वंचित वर्गों को सशक्त बना रही है और देश को युवा एवं प्रतिभाशाली पीढ़ी की रचनात्मक सोच के जरिये कुछ विशेष सृजित करने की क्षमता प्रदान कर रही है। इसी मॉडल को अब विभिन्न क्षेत्रों में दोहराया जा रहा है, चाहे वह स्वास्थ्य क्षेत्र हो, शिक्षा क्षेत्र हो, लॉजिस्टिक्स हो, कृषि हो या रक्षा क्षेत्र। ऐसे प्लेटफॉर्म सृजित किए जा रहे हैं, जिन पर स्टार्ट-अप्स या किसी उद्यम का सक्रिय इको सिस्टम आगे चलकर सटीक समाधान विकसित कर सकता है।

अश्विनी वैष्णव

## मिला जुला

### एक नजर

### कैलिफोर्निया में गुरुद्वारे में चली गोलियां, दो की हालत गंभीर



**अमेरिका** में एक गुरुद्वारे में हुई गोलीबारी की वारदात में दो लोग ज़ख्मी हो गए हैं. पुलिस के हवाले से जानकारी देते हुए समाचार एजेंसी ने बताया कि वारदात 'हेट क्राइम' की घटना नहीं थी. गोलीबारी की यह वारदात कैलिफोर्निया के सैक्रामैन्टो काउंटी के एक गुरुद्वारे में हुई. ख़बरों के मुताबिक, दोनों ज़ख्मी लोगों की हालत गंभीर है. समाचार एजेंसी के मुताबिक सैक्रामैन्टो काउंटी के शेरिफ कार्यालय ने बताया, कैलिफोर्निया में सैक्रामैन्टो काउंटी के गुरुद्वारे में दो लोगों को गोली लगी है... दोनों घायलों की हालत गंभीर है... गोलीबारी की वारदात हेट क्राइम नहीं है, बल्कि ऐसे लोगों के बीच हुई वारदात है, जो एक दूसरे को जानते थे... सैक्रामैन्टो काउंटी के शेरिफ कार्यालय के प्रवक्ता अमर गांधी ने कहा कि झगड़े में तीन लोग शामिल थे, जो गोलीबारी में तब्दील हो गया था. अमर गांधी के अनुसार, पहले संदिग्ध ने दूसरे संदिग्ध के मित्र को गोली मार दी थी, और फिर दूसरे संदिग्ध ने पहले संदिग्ध पर गोली चलाई और भाग गया. उन्होंने बताया, 'वारदात में शामिल सभी लोग एक दूसरे से पहले से परिचित लगते हैं... इसके पीछे की वजह कोई पुरानी घटना लगती है...' गोलीबारी की तफ़्तीश जारी है.

# सावरकर पर बयान देकर घिरे राहुल, 'अपनों' ने भी किया विरोध

**पूर्व** कांग्रेस अध्यक्ष और वायनाड से लोकसभा सांसद रहे राहुल गांधी वी आर सावरकर पर बयान देकर राजनीतिक रूप से घिरते नज़र आ रहे हैं. इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित ख़बर के मुताबिक़, राहुल गांधी के इस बयान ने बीजेपी के साथ-साथ उनके कुछ सहयोगी दलों को भी असहज कर दिया है. राहुल गांधी ने बीते शनिवार प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा था कि 'मेरा नाम सावरकर नहीं है. मैं गांधी हूं. मैं माफ़ी नहीं मांगूंगा.' राहुल गांधी ने ये बात उस सवाल के जवाब में कही थी जिसमें उनसे पूछा गया था कि क्या वह संसद सदस्यता जाने के बाद उस टिप्पणी के लिए माफ़ी मांगेंगे जिसे सूरत की अदालत ने मानहानि क़रार दिया है. बीजेपी लगातार राहुल गांधी से माफ़ी मांगने की मांग कर रही थी. इस सवाल के जवाब में



ही उन्होंने सावरकर का नाम लिया. बीजेपी नेता और केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बीते रविवार एक के बाद एक कई ट्वीट करके राहुल गांधी को घेरने की कोशिश की. अनुराग ठाकुर ने लिखा कि 'राहुल गाँधी जी! आप वीर सावरकर हो भी नहीं सकते, दूर-दूर तक, क्योंकि वीर सावरकर न साल के छह महीने विदेशों में छुटियाँ मनाने जाते थे न ही अपने देश के खिलाफ़ विदेशियों से मदद मांगते थे. उन्होंने ब्रिटेन में जाकर माँ भारती को गुलामी की ज़ंजीर से मुक्त कराने का शंखनाद किया. आप वीर सावरकर पर नहीं, अपनी दादी पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी पर प्रश्न खड़े कर रहे हैं. वीर सावरकर जी के सम्मान में इंदिरा जी का लिखा वह पत्र पढ़िए, वहाँ आपको आपके कुतर्क का जबाब मिल जाएगा. सावरकर से खुद की तुलना मत कीजिए.'

### उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस को दी चेतावनी

उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस को चेतावनी देते हुए कहा है कि वह वीर सावरकर की आलोचना स्वीकार नहीं करेगी. उद्धव ठाकरे ने कहा है कि उनकी पार्टी ने भारत में लोकतंत्र बचाने के लिए 'भारत जोड़ो यात्रा' में हिस्सा लिया था, लेकिन राहुल गांधी को ऐसे बयान देने से बचना चाहिए जिनसे दोनों पार्टियों के बीच दरार पैदा हो. उन्होंने कहा, 'मैं राहुल गांधी से खुलकर कहना चाहता हूं कि सावरकर हमारे लिए भगवान जैसे हैं. और हम उनका अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे. हम लोकतंत्र बचाने में आपके साथ हैं, लेकिन ऐसे बयान न दें जिनकी वजह से हमारे बीच दरारें पैदा हों. वे आपको भड़काने की कोशिश कर रहे हैं.

### जावेद अख्तर की याचिका पर बोली मुंबई की कोर्ट

# 'तालिबान से तुलना करने से आरएसएस की छवि खराब हुई'

**मुंबई.** देश के मशहूर गीतकार जावेद अख्तर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तुलना तालिबान से किए जाने के मामले में मुंबई कोर्ट से झटका लगा है. कोर्ट ने जावेद अख्तर की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सही तथ्यों पर आदेश जारी किया है. जिसमें देखा गया है कि कैसे आरएसएस की तुलना तालिबान से करने से शिकायतकर्ता की उसके दोस्तों और लोगों के छवि खराब हुई है, क्योंकि वह आरएसएस की विचारधारा का पालन करता है. मामले में कोर्ट ने पिछले हफ्ते फैसला सुनाया था. आदेश की विस्तृत कॉपी अब जारी हुई है.

दरअसल, वकील संतोष दुबे ने अख्तर के खिलाफ 2021 में एक



आपराधिक मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने आरएसएस को तालिबान के रूप में संदर्भित किया है, जिससे उनकी भावनाएं आहत हुई हैं. उनकी शिकायत पर मुलुंड मजिस्ट्रेट कोर्ट ने जावेद अख्तर को मानहानि के आरोपों का सामना करने के लिए तलब किय था. जिसके इस आदेश को जावेद अख्तर ने सेशन कोर्ट में चैलेंज किया था. जिस पर सेशन कोर्ट ने पिछले हफ्ते आदेश सुनाते हुए मजिस्ट्रेट कोर्ट के फैसले को सही करार दिया था.

बता दें कि वकील दुबे का कहना था कि वो बचपन से ही आरएसएस के स्वयंसेवक हैं. ऐसे में जावेद अख्तर के बयान से आहत हुए हैं. अख्तर की टिप्पणी के बाद कई लोगों ने उन्हें संगठन से अलग होने के लिए कहा. इसको लेकर ही उन्होंने जावेद अख्तर पर मानहानि का मामला दायर किया था. सेशन कोर्ट से भी झटका लगने के बाद अख्तर के वकील जय भारद्वाज ने कहा कि वे इस आदेश के खिलाफ याचिका के साथ बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे.

# अमित शाह के दौरे के दौरान सुरक्षा में सेंध, दो छात्र गिरफ्तार

बेंगलुरु। कर्नाटक पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की यात्रा के दौरान सुरक्षा का उल्लंघन करने के आरोप में बेंगलुरु से दो छात्रों को गिरफ्तार किया है और उनसे पूछताछ कर रही है, सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।



गिरफ्तार किए गए छात्रों की पहचान इमरान और जिब्रान के रूप में हुई है, दोनों बेंगलुरु के छात्र हैं और नीलासंद्रा के निवासी हैं। यह घटना रविवार देर रात हुई जब शाह बेंगलुरु में पार्टी मुख्यालय में कोर कमेटी की बैठक में भाग लेने के बाद दिल्ली के लिए वापसी की उड़ान भरने के लिए एचएएल हवाईअड्डे जा रहे थे।

आरोपी छात्रों ने नियमों का उल्लंघन किया और अमित शाह के काफिले में सफीना प्लाजा से मणिपाल सेंटर तक अचानक प्रवेश किया। पुलिसकर्मियों ने उन्हें 300 मीटर तक रोकने की कोशिश की, लेकिन बाइक में सवार छात्र रुके नहीं। पुलिस ने उन्हें मणिपाल सेंटर में रोक लिया और उनमें से एक को हिरासत में ले लिया। एक अन्य भागने में सफल रहा लेकिन बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि छात्र पुलिसकर्मियों को देखकर घबरा गए। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दोनों छात्रों की कोई आपराधिक पृष्ठभूमि या मंशा नहीं है। हालांकि पुलिस ने कोई चांस नहीं लेते हुए जांच शुरू कर दी है। भारतीनगर पुलिस ने इस संबंध में छात्रों के खिलाफ आईपीसी की धारा 353 के तहत सरकारी अधिकारी की ड्यूटी में बाधा डालने और लापरवाही से वाहन चलाने के लिए 279 का मामला दर्ज किया है।

*कर्नाटक के दावणगेरे जिले में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के दौरान भी सुरक्षा में सेंध लगने की घटना सामने आई थी। घटना उस वक्त हुई जब मोदी हेलीपैड से खुले वाहन में सवार थे। इससे पहले 14 जनवरी को एक लड़के कुणाल ढोंगडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को माला पहनाने के लिए सुरक्षा भंग की थी। बाद में उन्होंने कहा था कि पीएम मोदी भगवान हैं। उन्होंने कहा था, वह कोई साधारण इंसान नहीं हैं। मैं उनका प्रशंसक हूं और उनसे मिलना चाहता हूं।*

### तेजस्वी यादव पिता बने

# लालू के घर हुआ पोती का जन्म; डिप्टी सीएम ने शेयर की तस्वीर

**बिहार** के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव पिता बन गए हैं। उन्होंने खुद बेटी के जन्म की खबर ट्विटर पर साझा की है। उन्होंने एक तस्वीर भी शेयर की है, जिसमें वह बच्ची को गोद में लिए दिख रहे हैं। तेजस्वी यादव ने खुद ही ट्वीट कर बेटी के जन्म की जानकारी दी है। तेजस्वी यादव ने बेटी को गोद में लिए हुए अपनी फोटो शेयर की है और कैप्शन में लिखा है, 'ईश्वर ने आनंदित होकर पुत्री रत्न के रूप में उपहार भेजा है।'

तेजस्वी यादव के पिता बनने पर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने भी बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, 'पवित्र नवरात्र के दिनों में माता रानी के इस आशीर्वाद के लिए आपको एवं आपके पूरे परिवार को



बहुत-बहुत बधाई तेजस्वी जी। बिटिया रानी को खूब सारा दुलार एवं आशीर्वाद, ईश्वर आपके परिवार को सदा खुश रखें।'

# कलेक्टर सिन्हा ने जनचौपाल में सुनी जनसामान्य की समस्याएं

## जनचौपाल में आए 104 आवेदन, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश , दिव्यांग भूषण को मौके पर दिया व्हीलचेयर

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

कलेक्ट्रेट कक्ष में आयोजित जनचौपाल में लगभग 104 आवेदक अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर आये थे। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने सभी आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। इसी कड़ी में ग्राम बानीपाथर के दिव्यांग भूषण यादव ने कलेक्टर के समक्ष व्हीलचेयर हेतु आवेदन किया। कलेक्टर सिन्हा के निर्देशन पर दिव्यांग यादव को समाज कल्याण विभाग ने मौके पर ही व्हीलचेयर प्रदान किया। आयोजित जनचौपाल में ग्राम.खुरूसलेंगा के चुड़ामणी गुप्ता अपनी पुत्री उमा गुप्ता की पढ़ाई के लिए शिक्षा लोन दिलाए जाने के संबंध में कलेक्टर को कहा। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री बीएससी नर्सिंग फाईनल ईयर में अध्ययनरत है। उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक शाखा पॉवर प्लांट तमनार में शिक्षा लोन दिलाए जाने के संबंध में आवेदन किया था। जिसके संबंध में बैंक द्वारा समस्त दस्तावेज लिए गए थे और लोन स्वीकृत करने की बात कही थी। लेकिन आज पर्यन्त उन्होंने लोन स्वीकृत नहीं किए। जिसकी वजह से उन्होंने कालेज में फीस जमा नहीं कर पाया और फीस अदा न करने की सूरत में उन्हें कालेज प्रबंधन द्वारा परीक्षा से वंचित करने की बात कही गयी है। कलेक्टर सिन्हा ने आवेदक चुड़ामणी गुप्ता के आवेदन पर लीड बैंक अधिकारी को शीघ्र ही लोन स्वीकृत करने के निर्देश दिए। ग्राम.हमीरपुर से आये दिव्यांग चमरा मेहेर ने कलेक्टर के समक्ष छग नि:शक्तजन वित्त एवं विकास निगम के तहत स्वरोजगार हेतु ऋण स्वीकृत दिलाये जाने के लिए आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि वे 80 प्रतिशत दिव्यांग होने के कारण कही दूसरे जगह जाकर काम नहीं कर पाते है। उन्होंने कहा कि वे अपना खुद का रेडिमेड व्यवसाय करना चाहते है। कलेक्टर सिन्हा ने उप संचालक समाज कल्याण विभाग को उद्यम स्थापित हेतु ऋण उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए।




कलेक्टर सिन्हा ने जनचौपाल में रिहैब फाउण्डेशन की संचालिका को प्रदान किया 18 लाख 75 हजार रूपये का चेक

मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की रूकी हुई राशि की मांग को लेकर समूह की महिलाएं जनचौपाल में पहुंची थी। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि खरसिया खण्ड के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत समूहों की महिलाओं द्वारा सुपोषण आहार वितरित किया गया था। जिस पर स्वयं समूहों की महिलाओं द्वारा पूरी राशि खर्च की गयी थी। जिसका अभी तक भुगतान नहीं हो पाया है। कलेक्टर सिन्हा ने महिला बाल विकास अधिकारी को आवेदन पर तुरंत जांच करवाने एवं समूह की महिलाओं को उनका राशि दिलवाये जाने के संबंध में निर्देश दिए। ग्राम खैरपाली के किसान लालाराम किसान सम्मान निधि के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि उनकी 12 वीं किश्त तक की किसान सम्मान निधि की राशि उनके खाते में आ चुकी हैए जबकि 13 वे किश्त की राशि अब तक अप्राप्त है। जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने डीडीए एग्रीकल्चर को संबंधित किसान के अविलंब किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत मचिदा के संदीप कुमार गुप्ता पीडीएस बारदाने की शेष राशि भुगतान करवाने हेतु कलेक्टर से आग्रह किया। उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा बारदाना जमा किया गया था। जिसका कुछ भुगतान तो हुआ है बाकी शेष है। कलेक्टर ने डीएमओ को इस संबंध में जांच करवाने के निर्देश दिए। जनचौपाल में शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी मेमोरियल ट्रस्ट से श्री त्रिपाठी सर्किट हाऊस रोड स्थित बाल उद्यान के सौंदर्यीकरण एवं रख.रखाव के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि बाल उद्यान में एनटीपीसी तलाईपाली के माध्यम से वहां बच्चों के लिए खेलकूद विभिन्न भित्ति चित्र एवं आकर्षक आकृतियों के अलावे एक कृत्रिम झरने का निर्माण करवाया गया था। जिसकी वजह से बाल उद्यान में हमेशा जनसामान्य अपने परिवारजनों के साथ सैर करने यहां आते थे। लेकिन विगत कुछ वर्षो से रख.रखाव के अभाव में उद्यान की स्थिति बदहाल हो चुकी है। झरना भी बंद हो गया है। ऐसी स्थिति में उद्यान के सौंदर्यीकरण और आकर्षण को पुर्नस्थापित करने के लिए रख.रखाव की जरूरत है। कलेक्टर सिन्हा ने बाल उद्यान के उचित रख.रखाव हेतु एनटीपीसी तिलाईपाली को पत्र लिखने के निर्देश दिए। इसी तरह आज जनचौपाल में जनसामान्य विकलांग एवं विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड निर्माण सहित अन्य मांगों एवं शिकायतों को लेकर पहुंचे थे।

### कलेक्टर ने रिहैब फाउण्डेशन की संचालिका को प्रदान किया 18 लाख रुपये का चेक

*कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने जनचौपाल में समाज कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त स्वैच्छिक संस्था रिहैब फाउण्डेशन की संचालिका को प्रशामक गृह योजना अंतर्गत निराश्रित निधि मद से 18 लाख 75 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। ज्ञात हो कि प्रशामक गृह योजना अंतर्गत गंभीर बीमारी से ग्रसित वृद्धजनों के इलाज एवं देखरेख किया जाता है। जिसके तहत संस्था के कर्मचारियों के वेतन, भोजन, आवास, मेडिकल सुविधा एवं दवाई हेतु राशि प्रदान की गई है।*

---

एक नजर

# केलो परियोजना बनेगी रायगढ़ के लिए वरदान

* जिले के बड़े इलाके को मिलेगा सिंचाई के लिए पानी
* पेयजल और निस्तारी में मिलेगी मदद
* 175 गांवों का 22,810 हेक्टेयर रकबा होगा सिंचित
* दिसंबर 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

केलो वृहत सिंचाई परियोजना रायगढ़ के लिए वरदान सिद्ध होगा। इस सिंचाई परियोजना के पूरे होने से 175 गांवों में सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। वहीं पेयजल और निस्तारी के लिए भी गांवों को पानी मिलेगा। परियोजना में 80 फीसदी से अधिक कार्य पूरा कर लिया गया है और अंतिम चरण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। मुख्य नहर और शाखा नहर का काम पूरा किया जा चुका है। वितरक और लघु नहरों के शेष बचे काम को भी पूरा किया जा रहा है। दिसंबर 2023 तक नहरों का कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। जिससे परियोजना का लाभ जिले के किसानों को मिल सके। गौरतलब है कि केलो वृहत परियोजना की शुरुआत 2009 में हुई थी। इसकी लागत 891 करोड़ रुपए है। इसमें केलो डैम के निर्माण के साथ ही मुख्य नहरए शाखा और वितरक नहरों का निर्माण शामिल है। केलो डैम की क्षमता 61.95 मिलियन क्यूबिक मीटर है। इस परियोजना के पूरे होने से 175 गांवों के 22 हजार 810 हेक्टेयर को सिंचाई सुविधा मिलेगी। जिसमें रायगढ़ जिले के 167 गांवों की 21 हजार 596 हेक्टेयर और सक्ती जिले के 8 गांवों की 1 हजार 214 हेक्टेयर जमीन शामिल है। इसके निर्माण की उच्च स्तर से नियमित समीक्षा की जा रही है।

पुसौर विकासखंड के ग्राम नेतनागर में भी नहर का काम किया जाना है। यहां लगभग 1.6 किमी का काम होगा। जिसके पश्चात 860 हेक्टेयर भूमि के लिए सिंचाई की सुविधा मिलेगी। केलो परियोजना में नहरों का काम पूरा होने पर हजारों किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। सिंचाई का रकबा तो बढ़ेगा ही। भू-जल के रिचार्ज का एक बड़ा फायदा नहरों के बनने से मिलेगा। जो आने वाले समय में भी पेयजल की आपूर्ति और स्थानीय जल स्त्रोतों में वाटर लेवल को बनाए रखने के लिहाज से अत्यंत लाभकारी होगा। इससे क्षेत्र में फसल की उत्पादकता बढ़ेगी।

### परियोजना पूर्ण होने से ये होंगे फायदे

केलो परियोजना में नहरों का काम पूरा होने पर हजारों किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। नहर से पानी मिलने से जहां सिंचित रकबे में वृद्धि होगी वहीं फसल की उत्पादकता भी बढ़ेगी। भू-जल रिचार्ज करने में भी इससे मदद मिलेगी। निस्तार और पेयजल की आपूर्ति में भी सहायता होगी।

### मुख्य नहर और शाखा नहर का काम पूरा, वितरक और लघु नहरों में चल रहा काम

परियोजना में कुल 313 किमी लंबाई के नहर बनाने है। जिसमें से 248 किमी लंबाई की नहरें बनाई जा चुकी हैं। इसमें 1 मुख्य नहर के साथ, 1 शाखा नहर, 7 वितरक नहर और 91 लघु नहरों का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें मुख्य नहर के 28.31 किमी और झारमुड़ा के 16.11 किमी शाखा नहर का काम पूरा किया जा चुका है। वहीं 68.60 किमी वितरक नहर और 135.50 किमी लघु नहरों का काम पूरा हो चुका है। शेष कार्य भी पूरा किया जा रहा है। परियोजना को दिसंबर 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

### केलो से दिया जाता है 13 हजार करोड़ लीटर सिंचाई और 444 करोड़ लीटर पेयजल के लिए

केलो बांध में स्टोर किया गया पानी नहरों के माध्यम से सिंचाई और पेयजल और निस्तारी के लिए दिया जाता है। कार्यपालन अभियंता पीआर फुलेकर ने बताया कि केलो बांध की ऊंचाई 24.22 मीटर है। इसमें स्टोर पानी में से विभिन्न प्रयोजनों के लिए नहरों के माध्यम से पानी दिया जा रहा है। जिसमें से 137.48 एमसीएम अर्थात 13 हजार 738 करोड़ लीटर पानी सिंचाई के लिए दिए जाने का प्रावधान है। इसके साथ ही लगभग 444 करोड़ लीटर पानी पेयजल के उद्देश्य से दिया जाता है। इसमें बारिश के पानी के साथ ही स्टोरेज क्षमता का पानी उपयोग किया जाता है।

### 34 किमीदूर कठली में पहुंच रहा नहर से पानी

केलो परियोजना के तहत नहरों के निर्माण होने से गांवों तक पानी पहुंच रहा है। जिसका उपयोग गांव में किसान खेती किसानी के साथ ही पेयजल और निस्तारी के लिए कर रहे हैं। केलो बांध से लगभग 34 किमी दूर पुसौर विकासखंड का कठली गांव है। यहां पर केलो नहर का काम पूरा हो चुका है और यहां नहर से पानी भी पहुंच रहा है।

---

## 23 किलो गांजा के साथ यात्री गिरफ्तार, एंटी क्राइम टीम की कार्रवाई

**बिलासपुर ।** जीआरपी की एंटी क्राइम टीम ने रविवार को फिर गांजा तस्कर को रंगे हाथों पकड़ा है। तीन दिन में दूसरी बड़ी कार्रवाई है। शुक्रवार को टीम ने बिलासपु रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म चार- पांच में खड़ी टिटलागढ़ पैसेंजर से दो तीन यात्रियों को गांजा के साथ पकड़ा था।

लगातार कार्रवाई से अब गांजा तस्करों में खलबली मची हुई है।

एंटी क्राइम जीआरपी बिलासपुर की स्वतंत्र टीम है और पूरे सेक्शन में जांच और कार्रवाई कर रही है। रविवार को भी उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक रायपुर रेलवे स्टेशन से गांजा लेकर यात्रा करने वाला है। इसकी सूचना उन्होंने तत्काल एसआरपी को दी।

उनके निर्देश के बाद टीम ने स्टेशन में जांच करनी लगी। इस बीच खबर लगी कि वह युवक स्टेशन के बाहर बैठा है। सूचना देने वाले मुखबिर ने उसका हुलिया भी बताया। जिस पर टीम स्टेशन के सामने तलाश करने लगी। तभी आटो स्टैंड के पास एक युवक भारी भरकम ट्राली बैग लिए नजर आए। जब टीम ने उसे देखा तो हुलिया के आधार पर नजर पहुंचे।

पुलिसकर्मियों को देखकर वह हड़बड़ाने लगा और खुद छिपाने की कोशिश करने लगा। इस पर टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

---

# खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम अंतर्गत शहर के विभिन्न होटलों का किया निरीक्षण

## प्रतिष्ठान में निर्माण एवं विक्रय किए जा रहे खाद्य पदार्थों के समय मानक तरीकों का अनुपालन करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर द्वारा रायगढ़ शहर के विभिन्न होटलों एवं रेस्टोरेंट विनिर्माण ईकाइयों में निर्मित खाद्य पदार्थो के गुणवत्ता परीक्षण, शुद्धता एवं मानक स्तर की जॉच करने एवं निर्माण स्थलों के परिवेश में साफ-सफाई के साथ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम अंतर्गत निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए है। उक्त निर्देशन के परिपालन में सरिता पटेल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा जिला मुख्यालय में स्थित में मुरारी द किचन ढीमरापुर चौक, में.तुलसी स्वीट्स एण्ड नमकीन रामनिवास टाकीज चौक, में होटल गणगौर स्वीट्स पैलेस रोड़, में अलंकार स्वीट्स गोपी टाकीज चौक, में चावला रेस्टोरेंट चक्रधर नगर चौक, में न्यू चावला रेस्टोरेंट गांधी चौक, कलकत्ता स्वीट्स दयाराम कॉम्प्लेक्स सत्तीगुड़ी चौक एवं में सुश्री रेस्टोरेंट एण्ड नमकीन कबीर चौक रायगढ़ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय उपर्युक्त समस्त होटलों एवं रेस्टोरेंट विनिर्माण ईकाइयों को प्रतिष्ठान में निर्मित कर विक्रय किए जा रहे मिठाईयों एवं नमकीनों के निर्माण के समय स्वच्छ व साफ परिवेश, गुणवत्ता युक्त अवयव का उपयोग करने, मानक तरीकों का अनुपालन करने का नियमानुसार निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अनुसार विक्रय किए जा रहे समस्त खाद्य पदार्थों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जैसे मिठाईयों को विक्रय हेतु प्रदर्शित ट्रे आधान या पात्र में निर्माण तिथि व उपयोग तक की तिथि का अनिवार्य रुप से लिखा व प्रदर्शित होना, नमकीनों के पैकेट्स में खाद्य सुरक्षा एवं मानक पैकेजिंग और लेबलिंग, विनियम, 2011 के प्रावधानों के अनुसार नमकीन खाद्य पदार्थ का नाम, विनिर्माता का नाम और पूरा पता, विनिर्माण या पैक करने की तारीख, पूर्व उत्तम तारीख तक उपयोग आदि का अनिवार्य रुप से उल्लेख किए जाना एवं प्रतिष्ठान से विक्रय किए जा रहे खाद्य पदार्थों के लिए उपभोक्ताओं को दिए जा रहे बिल भुगतान रसीद में नियमानुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा जारी 14 अंको का लाईसेन्सध्अनुज्ञप्ति क्रमांक अनिवार्य रुप छपे होने संबंधित निर्देश दिए गए। फर्मो के निरीक्षण के समय उनमें पाए गए खामियों को तत्काल 03 दिवसों के भीतर सुधार करने का निर्देश देते हुए नियमानुसार सुधार.नोटिस तामिल कराया गया एवं निर्माण व गुणवत्ता में शंका के आधार पर में मुरारी किचन ढीमरापुर चौक से फलाहारी नमकीन मिक्चर का खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अंतर्गत विधिवत नमूना संकलित कर जॉच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला परीक्षण प्रयोगशाला भेजे जाने की कार्यवाही मौके पर की गई। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा संकलित नमूने की रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत एवं उल्लेखित फर्मों में दिए गए समयावधि में निर्देशित आवश्यक सुधार न पाए जाने पर भी नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी एवं जनसामान्य को स्वच्छ परिवेश में निर्मित सुरक्षित, मानक, गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थो की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके इसके लिए विभिन्न प्रतिष्ठानों द्वारा खाद्य पदार्थों के विनिर्माण, विक्रय, संधारण व वितरण में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों का परिपालन कराए जाने के लिए इस प्रकार की कार्यवाही सतत् जारी रहेगी।




### उल्लंघन पाए जाने पर होगी नियमानुसार कार्यवाही

---

# भिलाई के हैंडबॉल प्लेयर की हावड़ा नदी में मिली लाश



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के भिलाई से एक सनसनीखेज खबर सामने आई है। दरअसल भिलाई के हैंडबॉल प्लेयर की लाश हावड़ा नदी में मिली है। बताया जा रहा है कि मृतक खिलाड़ी कोलकाता से गायब हो गया था, जिसके बाद कल शाम उसकी लाश मिली है। मिली जानकारी के अनुसार गुवाहाटी में आयोजित हैंडबॉल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए भिलाई के चार खिलाड़ी 24 मार्च को रवाना हुए थे। इस टीम में सेक्टर 4 निवासी सिराज भी शामिल था। लेकिन गुवाहाटी पहुंचने से पहले सिराज कोलकाता से लापता हो गया, जिसके बाद टीम के कोच ने शिकायत दर्ज करा दी और अन्य खिलाड़ियों को लेकर आगे रवाना हो गए। गौरतलब हो कि सिराज क्लास 10 का छात्र है। वह जवाहर नगर के निजी स्कूल का छात्र है। हैंडबॉल का अच्छा खिलाड़ी है। इस वजह से उसका चयन नेशनल स्तर के खेल में हुआ। लाश मिलने की सूचना मिलने के बाद से परिवार वाले परेशान हैं।

## मां कल्याणी मंदिर नवरात्र पर्व का चौथा दिन/संगी जंहुरिया कला दल ने समां बांधा

**रिसाली ।** मां कल्याणी शीतला मंदिर, मरोदा, रिसाली भिलाई में चल रहे वासंती चैत्र नवरात्रि महापर्व में चौथे दिन प्रतिदिन धार्मिक-सांस्कृतिक प्रस्तुति के अंतर्गत संगी-जंहुरिया फाग झांकी परिवार, (छिपली, मगरलोड, धमतरी) की रंगारंग प्रस्तुति हुई। कृष्ण जन्म कथा-प्रसंग पर आधारित आकर्षक झांकी के शानदार प्रदर्शन का आनंद-लाभ उपस्थित दर्शकों ने लिया।परंपरानुसार इस दिन के अतिथि बी. जे. पी. जिलाध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा प्रभारी गौरीशंकर श्रीवास, जागरूक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, एवम जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, महिला मोर्चा बी. जे. पी. जिलाध्यक्ष स्वीटी कौशिक, पूर्व भाजपा रिसाली मंडल अध्यक्ष मोहन देवांगन थे। उनके द्वारा संगी-जंहुरिया कला दल प्रमुख पुष्कर साहू का सम्मान किया गया।महाआरती के पश्चात अंचल की प्रमुख सेवा भजन मंडलियों ने माता जस गायन किया।

---

# मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा एवं क्षमता विकास विकासखंड स्तरीय दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण संपन्न

*बच्चों या किसी भी व्यक्ति को दुर्घटना के दौरान चोट लगने की स्थिति में तुरंत किए जाने वाले रेस्क्यू के बारे में दी गई जानकारी*

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा एवं क्षमता विकास दो दिवसीयशिक्षक प्रशिक्षण 24 एवं 25 मार्च को लखीराम ऑडिटोरियम भवन.खरसिया में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में विकासखंड के समस्त प्राथमिकए माध्यमिक हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल के कुल 317 शालाओं से एक-एक शिक्षक प्रशिक्षण में सम्मिलित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किये। प्रशिक्षण राज्य एवं जिला परियोजना कार्यलय, समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस संकुल प्राचार्य एलएन पटेल एवं जीएस तिवारी के द्वारा प्रारम्भ कराया गया। मास्टर ट्रेनर्स श्याम कुमार जायसवाल व्याख्याता एवं कमलेश पटेल के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। समस्त प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों को प्रशिक्षण प्राप्त कर शाला स्तर पर लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस को राज्य स्तर के कुशल मास्टर्स ट्रेनर्स व्याख्याता के द्वारा समस्त शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रथम दिवस में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा क्षमता विकास का परिचय उद्देश्य लक्ष्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा इसी प्रकार बच्चों या किसी भी व्यक्ति को दुर्घटना के दौरान चोट लगने की स्थिति में तुरंत किए जाने वाले रेस्क्यू के बारे में जानकारी दी गई। इसी सर्पदंश के स्थिति में पहचान एवं तुरंत किए जाने वाले उपचार के बारे में बताया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा बारी.बारी से विषय अनुसार प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों को बताया गया। जिसमें मौसम व माह के अनुसार होने वाले आपदा एवं बचने के उपाय भी बताये गये। प्रथम दिवस के प्रशिक्षण के अंत मे विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक के द्वारा मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा एवं व्यक्तिगत सुरक्षा प्रशिक्षण की उपयोगिता बताई गई। विद्यालय स्तर पर प्रशिक्षण में दिए गए जानकारी और तकनीक को अपनाए जाने की बात कही।

द्वितीय दिवस प्रशिक्षण का प्रारम्भ विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक प्रदीप साहू के द्वारा किया गया। इसके उपरांत मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा विभिन्न सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। मॉक ड्रिल एवं डेमो सेशन करके प्रशिक्षण दिया गया। प्रोजेक्टर के माध्यम से विभिन्न परिस्थितियों में तत्काल अपनाये जाने वाले युक्तियां शिक्षकों को सिखाये गए। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस के द्वितीय सत्र में पुलिस विभाग के अधिकारीगण अमिताभ खाण्डेकर चौकी प्रभारी, पुलिस चौकी खरसिया एवं उनकी टीम के द्वारा प्रशिक्षण में बाल संरक्षण, महिला सुरक्षा, यातायात सुरक्षा, पास्को एक्ट,साइबर क्राइम, सेफ टच एवं अनसेफटच के बारे विस्तार से बताया गया।




### सर्पदंश के स्थिति में पहचान एवं तुरंत किए जाने वाले उपचार के बारे में बताया गया

# आदिवासी महिला के प्रसव में लापरवाही बरतने वाले डॉक्टर एवं नर्स के बचाव में उतरे गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नेता

## प्रसूता के पेट में हुई बच्चे की मौत, मामले को रफा-दफा करने प्रशासन एवं शासन पर बना रहे दबाव

जोहार छत्तीसगढ़-पसान।

कोरबा जिले के तहसील में स्थित पसान तहसील मुख्यालय में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सप्ताह भर पूर्व डॉक्टर एवं नर्स की लापरवाही से प्रसूता के पेट में ही हुई बच्चे की मौत मामले पर राजनीति शुरू हो गई है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से जुड़े कुछ नेता पीड़ित आदिवासी प्रसूता का पक्ष ना लेकर दोषी डॉक्टर एवं नर्स को ही बचाने के लिए शासन प्रशासन पर दबाव बना रहे हैं।

राजनीति को समाज सेवा का सबसे अच्छा माध्यम माना जाता है परंतु यदि राजनीति का उपयोग निजी स्वार्थों के लिए किया जाने लगे तब फि र ऐसे में यदि आमजन को राजनीति से अधिक घृणा होने लगे तो इसमें आश्चर्य क्योंघ् दरअसल यह सवाल इसलिए कि बीते 21 मार्च को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पसान में प्रसूता महिला के प्रसव में डॉक्टर एवं नर्स द्वारा लापरवाही का मामला प्रकाश में आया था। पसान के ही रहने वाली एक आदिवासी महिला को प्रसव पीड़ा होने पर 21 मार्च 2023 को रात्रि 2.30 बजे लगभग 112 की मदद से उसके परिजनों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। प्रसूता के भर्ती होने के 6 घंटे बाद भी उसे डॉक्टर देखने नहीं आए और प्रसूता महिला दर्द से तड़पती रही। सुबह 9 बजे डॉक्टर पहुंचे और नर्स के साथ मिलकर उसके प्रसव कराने का प्रयास करने लगे। प्रसूता के परिजनों का आरोप है कि प्रसूता




के पेट को गलत तरीके से दबाया जा रहा था जिससे पेट के अंदर ही बच्चे की मौत हो गई। परिजनों के बहुत अनुनय विनय करने के बाद भी उसे डॉक्टर नहीं कर रहे थे और जब परिजनों ने दबाव ज्यादा बनाया तब कहीं दोपहर 12 बजे प्रसूता को गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला चिकित्सालय के लिए रेफ र किया गया परंतु रास्ते में प्रसूता की तकलीफपड़ने के कारण परिजनों ने उसे पुत्री स्थित स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसका प्रसव कराया परंतु प्रसव पश्चात बच्चा मृत पैदा हुआ। इसी मामले को लेकर पीड़ित प्रसूता के पति राकेश कुमार मरकाम पिता कलम सिंह मरकाम ने मामले की शिकायत कलेक्टर कोरबा एवं सीएमएचओ कोरबा को की थी जिस पर जिला प्रशासन कार्यवाही की तैयारी कर रहा था परंतु अब दोषी डॉक्टर और नर्स को बचाने के लिए गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नेता कूद पड़े हैं। बताया जाता है कि दूसरी नर्स का पति गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की राजनीति से जुड़ा हुआ है जिसके कारण दूसरी डॉक्टर एवं नर्स को बचाने के लिए गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नेता जिला प्रशासन पर दबाव बना रहे हैं कि दूसरी डॉक्टर और नर्स पर कार्यवाही नहीं की जाए।

### आदिवासी अंचल पसान मातिन क्षेत्र स्वास्थ्य शिक्षा सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहा

*जिला मुख्यालय कोरबा से 170 से 200 किलोमीटर की दूरी पंसान मातिन के गांवों के विकास में बड़ी बाधा गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले से सटा पसान मातिन क्षेत्र आज भी स्वास्थ्य शिक्षा सड़क बिजली जैसी मूलभूत शसुविधाओं से जूझ रहा है। जहां एक और देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है तथा विकास की नई गाथा लिख रहा है वहीं दूसरी ओर कोरबा जिले का पसान मातिन क्षेत्र जैसे विकास के नाम पर आज भी अभिशाप भोग रहा है। शायद यही कारण है कि आज भी इस इलाके में सुरक्षित प्रसव सुविधा उपलब्ध नहीं है जबकि सरकार का दावा है कि वह गांव-गांव सीएससी एवं पीएससी तथा महतारी एक्सप्रेस महतारी जतन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराकर सुरक्षित प्रसव कराकर जच्चा बच्चा को सुरक्षित कर रही है परंतु पसान मातिन क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं आम है जो लोगों के सामने कभी आप आती है कभी नहीं आ पाती। इसका एक प्रमुख कारण पसान मातिन क्षेत्र के गांवों की जिला मुख्यालय से लंबी दूरी है। वर्तमान में यह क्षेत्र जिला मुख्यालय कोरबा से लगभग 77 से 200 किलोमीटर की दूरी पर बसा हुआ है जहां मूल रूप से आदिवासी जनजातियां रहती हैं। पसान. मातिन क्षेत्र की बनावट कुछ इस तरह है कि पुराने जमाने में यहां के बारे में एक कहावत प्रसिद्ध थी।*

## समाचार सार

### 22 मार्च से 30 मार्च तक श्रीमद् देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।




मरही कापा बाबा कुटिया में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 16 में वर्ष में माता दुर्गा के मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित की गई है। यहां 12 घृत ज्योति तथा 64 तेल ज्योति का प्रज्वलन किया गया है। ज्योति प्रज्वलन कराने वालों में मरही कापा, कोरी पारा, करगी खुर्द, बीजा, साल्हे कापा, हरदी बिल्हा, सरसेनी, कोटा, छतौना बिलासपुर,रायगढ़, सतना, रीवा, व्यवहारी, जबलपुर, भोपाल, दुलोट हरियाणा आदि स्थानों के भक्तों ने मनोकामना ज्योति कलश जलवा, हैं । श्रीमद् देवी भागवत कथा का सस्वर प्रवचन व गायन पंडरिया कवर्धा के पंडित संतोष शर्मा जी के द्वारा किया जा रहा है। बाबा कुटिया के संत व व्यवस्थापक राजाराम दास महाराज के द्वारा बताया गया कि वर्षभर विभिन्न प्रकार के धार्मिक आयोजन यहां पर ग्रामीणों के सहयोग से कराए जाते हैं।

# जनजातीय किशोरों और छात्रों के लिए किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



जिले में अनामया कार्यक्रम ट्राइबल हेल्थ कोलैबोरेटिव अंतर्गत पिरामल स्वास्थ्य द्वारा किशोरों व छात्रों 15 वर्ष से 29 वर्ष के बीच जनजातीय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम का उदघाटन सीएमएचओ डॉ. एसएन केसरी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत किशोरियों दारा स्वागत गीत के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में कोरबा ब्लॉक के अलग-अलग गांव के 25 किशोर व छात्र शामिल हुए। कार्यक्रम के उद्देश्यों को प्रस्तुत करते हुए पिरामल स्वास्थ्य के सम्भागीय कार्यक्रम प्रबंधक दिग्विजय कुमार सिंह के द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरों और छात्रों के साथ मानसिक स्वास्थ्य, पोषण एवं किशोर प्रजनन लैंगिक स्वास्थ्य, मादक द्रव्यों के सेवन का महत्वए सड़क दुर्घटना, हेलमेटध्सीट बेल्ट का उपयोग आदि विषयों पर प्रशिक्षण देना है। जिससे समुदाय स्तर पर यही युवा प्रशिक्षित होकर गांव के लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे क्युकि कम उम्र मे शादी व पोषण मे ध्यान न देने के कारण महिला, एनीमिया जैसी गंभी

र बिमारी का शिकार हो जाती है। आजकल बच्चो व गर्भवती महिलाओं में कुपोषण आम बात सी हो गई है जो आगे चलकर बहुत सारी बीमारियां जैसे मानसिक स्वास्थ्य, बच्चों में नाटापन, दुबलापन आदि का सामना करना पड़ता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉ.केसरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पिरामल फाउंडेशन संस्था के द्वारा बहुत ही सराहनीय पहल है। जिसके लिए युवाओं को आगे आकर सरकार के उद्देश्यों योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने किशोरों व छात्रों से कहा कि आप लोग समुदाय स्तर पर थोड़ा सा सहयोग करें तो हम लोग जल्द ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं में कम उम्र में गर्भधारण अनेक बीमारियों को जन्म देती है जिसको लेकर समुदाय में लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। आदिवासी समुदाय में कुपोषण और मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों सहित कई स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। युवाओं और छात्रों पर ध्यान को केंद्रित करके हम सभी को स्वास्थ्य व पोषण को प्राथमिकता देकर समुदाय को लाभान्वित करना जरूरी है। किशोरो व छात्रों से उन्होंने शिक्षा के महत्व के बारे में भी बताया। इस उद्घाटन समारोह में डीपीएम, पीरामल स्वास्थ्य के जिला प्रमुख विराग पांडेय व धर्मेन्द्र सिंह, किशोर व छात्र मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अली रजा जी एवं आभार प्रदर्शन दिग्विजय कुमार सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने मे नेहरू युवा केंद्र, पी जी कॉलेज कोरबा व आईटीआई कालेज कोरबा के युवाओ का विशेष योगदान रहा।



# त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2022 फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार

*पुनरीक्षित कराये जाने के लिए अधिकारी नियुक्त, निर्वाचक नामावली तैयार करने का कार्यक्रम की तारीख निर्धारित*

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल ने त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2022 हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार, पुनरीक्षित कराये जाने के लिए अधिकारियों को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया है। जिसके अंतर्गत जनपद पंचायत कुनकुरी अधिकार क्षेत्र के लिए कुनकुरी एसडीएम को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और उप जिला निर्वाचन अधिकारी को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार जनपद पंचायत फ रसाबहार अधिकार क्षेत्र के लिए फ रसाबहार एसडीएम को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और उप जिला निर्वाचन अधिकारी को अपीलीय अधिकारी एवं जनपद पंचायत बगीचा अधिकार क्षेत्र के लिए बगीचा एसडीएम को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और उप जिला निर्वाचन अधिकारी को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मित्तल द्वारा नियुक्त रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्वाचक नामावली तैयार करने का कार्यक्रम अनुसार समयावधि में कार्यवाही पूर्ण कराकर पालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिला निर्वाचन से प्राप्त जानकारी अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार करने का कार्यक्रम समय अनुसूची, निर्धारित है। जिसके तहत् प्रथम चरण में 24 मार्च 203 को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति, प्रारंभिक प्रारूप निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु कर्मचारियों की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण आधार पत्रक तैयार करने वाले कर्मचारी तथा दावे आपत्ति प्राप्त करने वाले प्राधिकृत कर्मचारी, 25 मार्च 2023 को भारत निर्वाचन आयोग की 01 जनवरी 2023 की स्थिति में तैयार विधानसभावार अद्यतन निर्वाचक नामावली की दो प्रतियां जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त करना और जनपद पंचायत वार भागों में बांटना, 27 मार्च 2023 को जनपद पंचायत वार निर्वाचक नामावली रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध कराना, 28 मार्च 2023 को प्रत्येक ग्राम पंचायत की प्रारंभिक निर्वाचक नामावली में सम्मिलित वार्डो का मौके पर मिलान, सत्यापन करना, और आधार पत्रक तैयार करना, सूची में आवश्यक संशोधन करना, 31 मार्च 2023 को प्रारंभिक निर्वाचक नामावली के आधार पत्रक अनुसार पीडीएफ ऑनलाईन सॉफ्टवेयर के माध्यम से तैयार करना एवं मुद्रण कराना, जांच कराना, 03 अप्रैल 2023 को चेकलिस्ट की जांच में पाई गई त्रुटियों का सुधार करना एवं ग्राम पंचायतवार पीडीएफ तैयार करना, दो प्रति मुद्रण कराना, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दोनों प्रति में हस्ताक्षर करना। पीडीएफ सहित दोनों प्रति निर्वाचक नामावली, जिला निर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध कराना, 05 अप्रैल 2023 को जिला कार्यालय द्वारा जनपद पंचायतवार प्रारंभिक निर्वाचक नामावली अनुबंधित मुद्रणालयों को मुद्रण हेतु सौंपना, 06 अप्रैल 2023 को जनपद पंचायतवार मुद्रित निर्वाचक नामावली प्राप्त करना और उन्हें रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को उपलब्ध कराना और 08 अप्रैल 2023 को निर्वाचक नामावली प्रकाशन के संबंध में सूचना प्रारूप भेजना शामिल है। इसी प्रकार द्वितीय चरण में 10 अप्रैल 2023 को निर्वाचक नामावली के संबंध में सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन और दावे तथा आपत्तियां प्राप्त करने के कार्य की शुरुवातए दावे व आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय 17 अप्रैल 2023 को अपरान्ह 3 बजे तक, प्राप्त दावों एवं आपित्तयों का निपटारे की अंतिम तिथि 22 अप्रैल 2023, प्ररूप क.1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27 अप्रैल 2023, प्ररूप क.1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि 03 मई 2023, दावे व आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तिथि निराकरण आदेश पारित होने के 05 दिवस के भीतर, ग्राम पंचायतवार अनुपूरक सूचियों एवं पीडीएफ तैयार करना तथा पीडीएफ मुद्रण हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपना की तिथि 04 मई 2023,अनुपूरक सूचियां मूल प्रारंभिक सूचियों के साथ जोड़ा जाने की तिथि 06 मई 2023 और निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किए जाने हेतु 08 मई 2023 निर्धारित है।

# बाघ की दहशतः हमले में 2 युवकों की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने बाघ को भी किया घायल



सूरजपुर। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर के ओडगी क्षेत्र में बाघ के हमले में दो ग्रामीणों की मौत हो गई है। वहीं एक अन्य गंभीर रुप से घायल है जिसे इलाज के लिए सूरजपुर अस्पताल रेफर किया गया है।

मामला ओडगी ब्लॉक के कालामांजन गांव का है, जहां सुबह लगभग 6 बजे समय लाल, रायसिंह और कैलाश गांव से लगे जंगल में जलाऊ लकड़ी लेने गए हुए थे। तभी अचानक बाघ ने उन लोगों पर हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में समय लाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रायसिंह और कैलाश गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल ओडगी अस्पताल पहुंचाया गया। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सूरजपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां एक ही मौत हो गई वहीं एक अन्य की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### स्कूलों में अवकाश घोषित

बाघ की मौजूदगी को देखते हुए ओड़गी ब्लॉक के संवेदनशील स्कूलों में अवकाश घोषित करने के आदेश जारी किए गए हैं। ओडगी बीईओ ने आदेश जारी किए हैं। कुदरगढ़ धाम से महज 3 किलोमीटर की दूरी पर यह घटना बताई जा रही है। बता दें कि लाखो की संख्या मे श्रद्धालु कुदरगढ़ धाम में दर्शन के लिए पहुचते हैं।

गांव के लोगों ने बाघ को दौड़ाकर डंडे से मारकर घायल किया है। घायल अवस्था में बाघ अभी भी उनके बीच फंसा हुआ है। पूरे गॉव के लोग उसके पीछे पीछे दौड़ रहे हैं। यह ग्रामीणों और बाघ दोनों के लिए खतरनाक है। वनविभाग का अमला नदारत है। इसे बड़ी लापरवाही कहा जा सकता है। बाघ की सूचना के बाद से ही लोगों में दहशत का माहौल है।

# आवेदकों के ऋण आवेदनों का बैंक समय सीमा में करे निराकरण-अपर कलेक्टर पाटले

* जिला स्तरीय पुनरीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिला स्तरीय पुनरीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति डीएलसीसी की बैठक आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत आवेदकों को ऋण स्वीकृति को लेकर समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर व एलडीएम किरण कुमार लुगुन, विभिन्न विभागों व बैंको के अधिकारी उपस्थित रहे। अपर कलेक्टर पाटले ने बैठक में उपस्थित बैंकिंग अधिकारियों से कहा कि सभी बैंक आवेदकों से प्राप्त होने वाले ऋण आवेदनों का समय सीमा पर निराकरण करें। उन्होंने कहा कि बैंकर्स अपनी कार्य क्षमता को और अधिक प्रभावी करें तथा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति वित्तीय वर्ष की समाप्ति



### बैंकों के सीडी रेशियो की खराब प्रगति,लंबित आवेदनों के निराकरण की धीमी गति पर पर जताई नाराजगी


के पूर्व कर लें। उन्होंने शासन के विभिन्न योजनांतर्गत बैंकों के ऋण वितरण कार्य प्रगति में धीमी गति को लेकर संबंधित बैंक अधिकारियों पर गहरी नाराजगी जताई। कलेक्टर पाटले ने बैंकों के सीडी रेशियो की खराब प्रगति को लेकर भी नाराजगी जताई गई। जबकि पिछली तिमाही बैठक में सभी बैंकर्स को सीडी रेशियो 40 प्रतिशत से ऊपर रखने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन अधिकांश बैंक इस लक्ष्य को हासिल करने में नाकाम रहे। जिसको लेकर पाटले ने नाराजगी व्यक्त करते हुए बैंको से इसमें सुधार लाने के निर्देश दिए। पाटले ने कहा कि जिला प्रशासन और एलडीएम से सामंजस्य स्थापित कर अपने परफॉरमेंस में सुधार लाएं। सभी बैंकों से बैंकिंग व्यवसाय को बढ़ाने के लिए योजना के अनुरूप काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बैंकर्स अगर सही प्लानिंग करेंगे तो बैंकिंग भी अच्छी होगी और सीडी रेशियो में भी सुधार होगा। अपर कलेक्टर पाटले ने बैठक में अधूरी जानकारी के साथ पहुंचने और निराशाजनक कार्य प्रदर्शन को लेकर कुछ बैंकिंग अधिकारियों पर नाराजगी जताई। साथ ही सुधार हेतु आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने बैंकों के व्यापारिक लेन-देन तथा ऋण योजनाओं की प्रगति नियमित रूप से निरीक्षण के निर्देश दिए भी अधिकारियों को दिए गए। बैठक में एक बैंक द्वारा जिले में समूह की महिलाओं से जबरन लोन नहीं लेने का आवेदन लिखवाकर लेने संबंधी बात सामने आने पर अपर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने ऐसे बैंको के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। पाटले ने कि आगे ऐसी शिकायत आने पर संबंधित बैंको के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया जाएगा। समीक्षा बैठक में पाटले ने कहा कि प्रकरणों का समय सीमा पर निराकरण के साथ ही जीरो टारगेट वाले बैंकों को अपना प्रदर्शन में सुधार लाने, बैंको में उपभोक्ताओं को सहूलियत प्रदान करने, पेंडेंसी में कमी लाने वहीं अगली मीटिंग में पूरी जानकारी के साथ अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं हेतु वित्तीय वर्ष की उपलब्धि पर चर्चा, पीएमईजीपी व मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन बैंक शाखा स्थापना एवं पशुपालकों, मत्स्य पालकों एवं उद्यानिकी हेतु किसान क्रेडिट कार्ड के संबंध में भी चर्चा की गई और बैंकर्स को लक्ष्य अनुसार काम करने के निर्देश दिए गए।



## मैत्री में श्रेनु पारिख के लिए एक बच्चे के साथ शूटिंग करना हुआ मुश्किल



टीवी एक्ट्रेस श्रेनु पारिख शो मैत्री में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। एक्ट्रेस ने एक बच्चे अजीमा शेख के साथ शूटिंग के अपने अनुभव को साझा किया और बताया कि शुरू में उनका नर्वस साइड कैसे गायब हो गया था। श्रेनु ने कहा, जो बच्चा नंदिनी (भाविका चौधरी) के बेटे का किरदार निभा रहा है, वह वास्तव में एक बच्ची है और जब मुझे पता चला कि हम एक नवजात के साथ शूटिंग शुरू करने जा रहे हैं, तो मैं बहुत घबरा गई। हम सभी जानते हैं कि इसे संभालना कितना मुश्किल है। छोटे बच्चे और उनके साथ शूटिंग करना पूरी तरह से एक और काम है। कोई भी नवजात के मूड का अनुमान नहीं लगा सकता है।



## मृणाल ठाकुर के बॉडीकॉन ड्रेस ने खींचा फैंस का ध्यान, देखें स्टाइल भरा अंदाज

बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर इन दिनों अपने बोल्ड और स्टाइलिश लुक्स के चलते सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में बनी हुई हैं। टीवी करियर से बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस का जल्द ही एक अलग अंदाज देखने को मिलेगा मर्डर मिस्ट्री फिल्म गुमराह में।

*हाल ही में ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने बेहद ही स्टाइलिश आउटफिट पहना हुआ था जिसकी फोटोज उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर बॉलीवुड इंडस्ट्री की उन एक्ट्रेसेस में से एक हैं जिन्होंने बेहद ही कम समय में अपने नाम एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो हमेशा इंटरनेट का पारा गर्म कर देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने अपने लेटेस्ट ब्लैक एंड व्हाइट कलर के लॉन्ग बॉडीकॉन आउटफिट में फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस कैमरे के सामने अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई बेहद ही किलर लुक्स में पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं। ओपन हेयर और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि एक्ट्रेस जल्दी ही अपनी अपकमिंग फिल्म गुमराह में एक पुलिस अफसर के रोल में मर्डर मिस्ट्री को सुलझाती नजर आएंगी। ये फिल्म 7 अप्रैल को रिलिज होने जा रही है। एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर इन फोटोज में अपना डीपनेक क्लीवेज फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। मृणाल ठाकुर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है।*

## कुंडली भाग्य में पहली बार मां का किरदार निभाएंगी इरा सोन



अभिनेत्री इरा सोन, जिन्होंने 2007 में लोकप्रिय शो कुमकुम - एक प्यारा सा बंधन से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की थी और आखिरी बार देश की बेटी नंदिनी में देखी गई थीं, सात साल बाद एकता कपूर की कुंडली भाग्य के साथ छोटे पर्दे पर आने के लिए तैयार हैं।

उन्होंने शो का हिस्सा बनने और पहली बार मां की भूमिका निभाने के बारे में बात की।


शो में अपने किरदार के बारे में उन्होंने कहा, मैं लीप के बाद शो में मां का किरदार निभा रही हूं, जो मेरे पूरे करियर में पहली बार है।

सात साल बाद कुंडली भाग्य में वापसी करने के बारे में उन्होंने कहा, मैंने कुंडली भाग्य को चुना क्योंकि यह हिट शो है, इसकी कहानी शानदार है। मुझे लगा कि मां की भूमिका निभाने के लिए यह मेरे लिए बिल्कुल सही शो है। क्योंकि इसमें बहुत सारे शेड्स हैं और यह बाकियों से अलग है।

उन्होंने एक मां की भूमिका निभाने पर अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हुए कहा: मैं शूटिंग के पहले दिन नर्वस थी कि मैं इसे कर पाऊंगी। लेकिन मैंने इसे एक चुनौती के रूप में लिया और यह मेरे लिए कुछ नया और अलग है, मैं काफी उत्साहित हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं एक मां के किरदार में फिट हो जाऊंगी।

कम उम्र में मां की भूमिका निभाने के बारे में उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि आज किसी किरदार को निभाने की कोई उम्र सीमा है। मां का किरदार सिर्फ एक टिपिकल करेक्टर नहीं है, बल्कि उसका अपना शेड है और उसका अपना ग्राफ है, जिसे आप शो में देखेंगे। मैं इससे बेहद खुश हूं।

## फिर बनेगी अक्षय-जॉन की जोड़ी, बनने जा है देसी बॉयज का सीक्वल



बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम के फैन्स के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है। लेटेस्ट रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि देसी बॉयज का सीक्वल बनने जा रहा है और सीक्वल यानी देसी बॉयज 2 में सेम कास्ट नजर आने वाले है। आपको बता दे, फिल्म देसी बॉयज में अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम के साथ दीपिका पादुकोण और चित्रागंदा सिह भी थीं। फिल्ममेकर आनंद पंडित ने कहा कि उनकी फर्म कई भाषाओं में कई फिल्मों पर काम कर रही है। उनके पास देसी बॉयज 2, द बिग बुल, सरकार 4 और ओमकारा का रीमेक है। हमने फिल्म वीर सावरकर भी पूरी की है। फिल्म देसी बॉयज 2 में अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम की वापसी पर आनंद पंडित ने कहा, मैं सेम कास्ट या नई कास्ट या मिक्स एंड मैच कास्ट के बारे में सुनिश्चित नही हूं क्योंकि मैं इसे युवा फिल्म के तौर पर बनाना चाहता हूं।

वर्क फ्रंट की बात करें तो अक्षय कुमार के पास कई फिल्में हैं। वह बड़े मियां छोटे मियां, गोरखा, ओएमजी 2, कैप्सूल गिल जैसी कई फिल्मों में काम करते नजर आएंगे। वहीं जॉन अब्राहम पिछली बार फिल्म पठान में काम करते दिखाई दिए थे। उनकी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की है। अब जॉन अब्राहम फिल्म तेहरान में नजर आएंगे।

## नाटू-नाटू सुनकर ही खाना खाता है जेहः करीना कपूर खान

**बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान के स्ट्रीमिंग टॉक शो व्हाट वीमेन वांट का चौथा सीजन रिलीज हुआ। उन्होंने खुलासा किया कि उनके छोटे बेटे जहांगीर को ऑस्कर विनिंग सॉन्ग नाटू नाटू पर डांस करना बहुत पसंद है और वह तब तक नहीं खाता, जब तक कि उसके लिए वह गाना नहीं बजाया जाता।**



*एक्ट्रेस ने बताया, जब हम नाटू नाटू प्ले करते हैं तो जेह अपना रात का खाना खाता है और वह गाने का ओरिजनल वर्जन चाहता है न कि हिंदी डब वर्जन। गाना 2 साल के बच्चे के दिल को छू गया है, जो यह दिखाता है कि उन्होंने फिल्म और गाने में काफी काम किया है। 95वें एकेडमी अवॉर्ड में भारत के दो ऑस्कर जीतने के साथ, यह हर भारतीय के लिए गर्व की भावना लेकर आया है। करीना को उस इंडस्ट्री का हिस्सा बनने पर गर्व महसूस होता है, जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन कर रहा है। उन्होंने कहा, मुझे यह देखकर बहुत गर्व होता है कि दर्शक अधिक फिल्में देख रहे हैं, चाहे वह हिंदी फिल्में हों, क्षेत्रीय फिल्में हों, समानांतर फिल्में हों या डॉक्यूमेंट्री हों। लोग भारतीय सिनेमा को अधिक गंभीरता से ले रहे हैं और इंडस्ट्री का हिस्सा होने के रूप में यह मेरे दिल को हमारे दर्शकों के प्रति गर्व और आभार से भर देता है।*

# खेल

अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के खिलाफ जीती टी-20 सीरीज

## दूसरे मुकाबले में 7 विकेट से हराया, 2-0 से बनाई बढ़त, अब क्लीन स्वीप का मौका

**शारजाह।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तीन टी-20 सीरीज UAE में खेली जा रही है। रविवार शाम दोनों टीमों के बीच सीरीज एक दूसरा मुकाबला शारजाह में खेला गया। अफगानिस्तान ने दूसरे मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से हराकर सीरीज में 2-0 से बढ़त हासिल की और कब्जा जमाया। अब तीसरा मुकाबला जीत कर अफगानिस्तान के पास क्लीन स्वीप करने का मौका है। तीसरा टी-20 सोमवार को खेला जाएगा।

पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 20 ओवर में 6 विकेट खो कर 130 रन बनाए। इमाद वसीम के बल्ले से अर्धशतक निकला। जवाब में लक्ष्य के पीछा करने उतरी अफगानिस्तान ने 1 बॉल शेष रहते 133 रन बना लिए।




रन - 64 | बॉल - 57
स्ट्राइक रेट - 112.28 | 4/6 - 3/2

### पाकिस्तान ने 63 पर दिए थे 5 विकेट

टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम पाकिस्तान के पहले 5 विकेट 63 रन पर गिर गए थे। सलामी बल्लेबाज सईम अयूब 0 रन पर ही आउट हो गए। इसके बाद अब्दुल्लाह शफीक भी खता नहीं खोल सके और पहली ही गेंद पर आउट हो गए। मोहम्मद हारिस 15 रन, तैयब ताहिर 13 और आजम खान 1 रन बना कर आउट हुए। इसके बाद इमाद वसीम और शादाब खान ने पारी को संभाला। इमाद ने 64 रन बनाए और कप्तान शादाब की पारी खेली। दोनों के बीच 54 बॉल में कुल 66 रन की पार्टनरशिप हुई। 20 ओवर में पाकिस्तान ने 130 रन बनाए।

बॉलिंग में फाजलहक फारूकी चमके। उन्होंने 4 ओवर में 2 विकेट लिए। वहीं, नवीन-उल-हक, मुजीब उर रहमान, रशीद खान और करीम जनत को 1-1 विकेट मिला।




रन - 65 | बॉल - 68

### अफगानिस्तान ने सूझबूझ ने खेली पारी

*अफगानिस्तान के ओपनर रहमानुल्लाह गुरबाज ने समय लिया और 49 गेंद में 44 रन बनाए। उस्मान 7 और इम्ब्राहीम जदरान 38 रन बना कर आउट हुए। नजीबुल्लाह जादरान 23 और मोहम्मद नबी 14 रन बना कर नाबाद रहे और टीम को 1 बॉल रहते मैच जीताया।*

### पहली बार टॉप 6 टीम के सीरीज जीती

*अफगानिस्तान ने पहली बार टॉप 6 किसी के खिलाफ सीरीज जीती है। टॉप-6 टीम में, भारत पाकिस्तान, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड आते है। अफगानिस्तान इससे पहले वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज जीत चुकी है।*

साउथ अफ्रीका ने चेज किया T20I का सबसे बड़ा स्कोर

## डिकॉक का 44 गेंद में शतक; जोनसन चार्ल्स ने तोड़ा क्रिस गेल का रिकॉर्ड

**सेंचुरियन।** साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। अफ्रीकी टीम ने टी-20 इंटरनेशनल के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर चेज कर लिया है। रविवार शाम सेंचुरियन मैदान पर साउथ अफ्रीका ने तीन मैचों की टी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में वेस्टइंडीज को 6 विकेट से हरा दिया। टीम के नाम वनडे क्रिकेट में सबसे बड़े रन चेज का रिकॉर्ड भी दर्ज है। इस ऐतिहासिक जीत में रीजा हैनरिक्स और क्विंटन डी कॉक ने अहम भूमिका निभाई। हैनरिक्स ने 28 गेंदों पर 68 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जबकि डी कॉक ने 44 गेंदों पर शतक जड़ दिया। यह उनका पहली सेंचुरी है।



रविवार शाम को खेले गए इस मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 258 रन का पहाड़ स्कोर खड़ा किया। अफ्रीकी टीम के बल्लेबाजों ने 259 रन के टारगेट को 7 गेंद रहते हासिल कर लिया। इस जीत से सीरीज 1-1 की बराबरी पर आ गई है।


### बुल्गारिया का रिकॉर्ड तोड़ा

साउथ अफ्रीका ने बुल्गारिया का रिकॉर्ड तोड़ा है, जिसे बुल्गारिया ने 26 जून 2022 को सोफिया में बनाया था। टीम ने 246/4 का स्कोर चेज किया था।

IPL के बैटिंग लीजेंड्स

## रोहित हर 24 गेंदों में छक्का लगाते हैं, धवन 700 से ज्यादा चौके जमा चुके, विराट रनों के सम्राट

मुंबई। 31 मार्च से दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग यानी इंडियन प्रीमियर लीग का 16वां सीजन शुरू हो रहा है। 59 दिनों तक चलने वाली इस लीग के मुकाबले 10 टीमों के बीच 12 शहरों में खेले जाएंगे।




74 मैच के इस क्रिकेट महाकुंभ से पहले हम आपके सामने लाए हैं लीग के अब तक के बैटिंग लीजेंड्स। इन बल्लेबाजों ने दमदार प्रदर्शन से न केवल अपनी टीमों को सफलता के नए शिखर तक पहुंचाया, बल्कि फैंस को रोमांचित भी किया। टॉप बैटर्स की इस लिस्ट में एबी डिविलियर्स जैसे दिग्गज हैं, तो विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे क्लासिक बल्लेबाज भी हैं। साथ ही इस सूची में वार्नर-धोनी जैसे मैच विनर भी शामिल हैं।

### विराट कोहली-लंबी पारियां खेलने में माहिर, चेज मास्टर हैं

RCB के लिए ओपनिंग करते हैं, कप्तानी कर चुके हैं। क्लासिक खिलाड़ी होने के साथ लंबी पारी खेलकर गेम को फिनिश करने की काबिलियत रखते हैं। इन्हें स्कोर चेजिंग में महारथ है। इसलिए कोहली को चेज मास्टर भी कहते हैं।

### एक नजर

MI बनी WPL की पहली चैंपियन

## मुंबई इंडियंस की जीत पर खिलाड़ियों का रिएक्शन, हरभजन सिंह बोले- आली रे एक और ट्रॉफी



विमेंस प्रीमियर लीग (WPL) का फाइनल मुकाबला ब्रेबोर्न स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला गया। फाइनल मैच में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हरा दिया। मुंबई इंडियंस ने पहली विमेंस प्रीमियर लीग (WPL) का खिताब जीत लिया है। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी दिल्ली ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 131 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 19.3 ओवर में टारगेट हासिल कर लिया। एक तरफ जहां मुंबई इंडियंस की इस जीत की चर्चा हर जगह हो रही है तो वहीं सोशल मीडिया पर लगातार बधाइयों का तांता लगा हुआ है। मुंबई की इस जीत पर सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह, चेतेश्वर पुजारा और हरभजन सिंह ने भी मुंबई इंडियंस को ट्वीट करके बधाई दी है। आगे स्टोरी में हम मुंबई की जीत पर खिलाड़ियों के सोशल मीडिया रिएक्शन को देखेंगे।

## राजस्थान रॉयल्स ने जयपुर में 68 प्रतिशत मैच जीते

### 14 में से 5 मुकाबले सवाई मान सिंह स्टेडियम में होंगे, बटलर-सैमसन को रास आएगी होम पिच

**जयपुर।** 31 मार्च से IPL 2023 का रोमांच शुरू हो जाएगा। IPL का यह 16वां सीजन होगा। इस सीजन में भी पिछली बार की फाइनलिस्ट टीम राजस्थान रॉयल्स पर सभी की निगाहें होंगी। पिछले साल ऑरेंज और पर्पल कैप हासिल करने वाले राजस्थान के दोनों खिलाड़ी जॉस बटलर और युजवेंद्र चहल भी इस साल टीम का हिस्सा होंगे। वहीं इस बार ये भी खास होगा कि राजस्थान रॉयल्स अपने पांच मुकाबले होमग्राउंड जयपुर में खेलेगी। राजस्थान रॉयल्स की टीम के कई खिलाड़ी जयपुर पहुंच चुके हैं। 30 मार्च तक रॉयल्स के तमाम खिलाड़ी जयपुर में ही प्रैक्टिस करेंगे। 2 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ राजस्थान का पहला मुकाबला होगा, जबकि 19 अप्रैल को लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ जयपुर में पहला मैच होगा।



# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की फरियाद

## 96 लोगों ने प्रस्तुत किये आवेदन, कलेक्टर ने नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर-चांपा।





जिला कलेक्टोरेट में प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन में जिले के विभिन्न दुरस्थ क्षेत्रों से आने वाले 96 आवेदकों ने अपनी समस्याओं, मांगो और शिकायतो से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर सुश्री ऋ चा प्रकाश चौधरी ने बारी-बारी से आवेदकों की समस्यओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम तागा निवासी गेन्दलाल साहू फसल नुकसान का मुआवजा राशि दिलाने का आवेदन लेकर पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि उनके गांव में पावरग्रीड का निर्माण किया गया है तथा पावरग्रीड का अतिरिक्त मिट्टी निकाल कर उनके खेत में डंप किया गया है। जिस कारण 2015 से फसल नहीं ले पा रहा हूं। आवदेक किसान की बातो को सुनकर कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए अपर कलेक्टर को जनदर्शन में पहुंचे किसान के अलावा ऐसे अन्य किसान जो इस नुकसान से प्रभावित हो रहें हों उनकी भी जांच कराते हुए जानकारी उपलब्ध कराते हुवे उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार तहसील जांजगीर निवासी विमला बाई द्वारा उनके ग्राम पंचायत क्षेत्र में अवैध रूप से घर निर्माण कार्य को रोके जाने का आवेदन, तहसील जांजगीर निवासी हरप्रसाद राठौर द्वारा खसरा पांचशाला का नकल प्रदान किये जाने, नैला निवासी नथमल अग्रवाल द्वारा छत के ऊपर से गुजरने वाले 11 किलोवाट तार में केबल वायर लगाये जाने, ग्राम पंचायत नरियरा की प्रिंयका बंजारे द्वारा राशनकार्ड बनाये जाने, बलौदा विकासखंड के ग्राम पंचायत पनोरा निवासी चैतराम धनवार और कुमरीमा बाई द्वारा वन अधिकार पट्टा दिला, जाने संबंधी, ग्राम बनारी निवासी रामचरण धीवर द्वारा नल जल योजना का लाभ दिलाए जाने, सारागांव तहसील के ग्राम कमरीद निवासी दामोदर कश्यप द्वारा भूमि सीमाकंन करने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए जिस पर कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करते हुए उचित निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार जनदर्शन में अन्य विभिन्न आवेदको द्वारा प्रधानमंत्री आवास निर्माण, आर्थिक सहायता, रोजगार प्रदाय करने, भूमि सीमांकन, राशनकार्ड, जाति प्रमाण पत्र सहित कुल 96 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए सभी संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि शासन के मंशानुरूप आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा कलेक्टोरेट कार्यालय में जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन प्रत्येक सोमवार को 10:30 बजे से आयोजित किया जा रहा है।

# 28 मार्च को जिला अस्पताल में मेगा हेल्थ कैम्प लगाया जाएगा

## रायपुर एम्स के डॉक्टर गंभीर मरीजों का करेंगे इलाज

जशपुरनगर। जला प्रशासन एवं अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर के संयुक्त प्रयास से आगामी 28 मार्च 2023 को जिला अस्पताल जशपुर में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया जा रहा हैं।




कैंप में मरीजों का निशुल्क जांच एवं परामर्श दिया जाएगा। कैम्प का आयोजन प्रातः 09 बजे से 04 बजे तक किया जाएगा। मेगा हेल्थ कैम्प में रायपुर एम्स के डॉक्टर आएंगे और गंभीर बीमारियों का ईलाज करेंगें। कैम्प में मेडिसिनए सर्जरीए शिशु रोग विशेषज्ञ नाकए कानए गलाए स्त्री रोग विशेषज्ञए हृदय रोग विशेषज्ञए अस्थि रोग विशेषज्ञ शामिल होगे। कलेक्टर डॉण् रवि मित्तल ने मेगा कैम्प का अपने.अपने विकास खंड में व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिए कहा हैं। ताकि अधिक से अधिक संख्या में मरीज मेगा कैंप में उपस्थित होकर लाभ उठा सके कलेक्टर ने बताया कि मरीजों को विकास खंड से लाने के लिए बस की व्यवस्था की जा रही हैं। ताकि मरीजों को जिला

**मरीजों को लाने के लिए बस की भी सुविधा दी जा रही हैं।**

**कैम्प में मेडिसिनए सर्जरीए शिशु रोग विशेषज्ञ नाकए कानए गलाए स्त्री रोग विशेषज्ञए हृदय रोग विशेषज्ञए अस्थि रोग विशेषज्ञ शामिल होगे।**

अस्पताल तक आने में किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो सकें।

जिला प्रशासन और कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के सार्थक प्रयास से आगामी 28 मार्च को जिला अस्पताल में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जहां रायपुर एम्स के डॉक्टर और विशेषज्ञ जशपुर जिले के मरीजों का इलाज करेंगे ऑर्थोपेडिक विभाग के कंसलटेंट सीनियर रेसीडेंट डॉण् दुष्यंत चौहानए डॉण् शिवनी प्रजापतिए प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ कंसलटेंट और सीनियर रेसीडेंट प्रोण् डॉण्सरिता अग्रवालए डॉण् चंद्रशेखर श्रीवास्तवए डॉण् तूलिका चौहानए कान नाक गला विभाग के डॉण् सतीश सातपुतेए डॉण् आकाश अग्रवालए कार्डियोलॉजी विभाग के डॉण् मुनेश्वर कुमारए सामान्य सर्जरी विभाग कंसलटेंट और सीनियर रेसीडेंट डॉ त्रिदिप दत्ता बरुवाए डॉण् हनुमंता ए शिशु शल्य चिकित्सा विभाग कंसलटेंट डॉ नितिन कुमार बोरकर ए सामान्य चिकित्सा विभाग कंसलटेंट सीनियर रेसीडेंट डॉ पंकज कुमारए डॉ अंकित राणाए शिशु रोग विभाग जूनियर रेसीडेंट डॉण् ईशान कपिलए डॉण् गुलशन कुमारए फर्मासिस्ट श्री चंद्रशेखर देशमुखए उप चिकित्सा अधिकारी प्रकाश सवानी, नर्सिंग अधिकारी सुश्री दीपाली सुश्री डयाना, विशाल,प्रसनजीत अपनी सेवाएं देगे।

सफलता की कहानी

# अविनाश खलखो के फेब्रिकेशन दुकान का सपना पूरा हुआ

* जिला अंत्यावसायी विभाग ने कम ब्याज दर पर 5 लाख रुपए का लोन उपलब्ध कराया

अविनाश अपने परिवार के साथ आज हंसी-खुशी जीवन यापन कर रहे

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।






जिला प्रशासन और कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के सार्थक प्रयास से दूरस्थ अंचल के युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित, जशपुर के द्वारा रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कम ब्याज दर पर लोन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। ताकि युवाओं को अपना खुद का रोजगार स्थापित करने में आसानी हो सके। इसी कड़ी में जिला प्रशासन के अतंर्गत संचालित अंत्यावसायी सहकारी विभाग के माध्यम से कुनकुरी विकासखंड के ग्राम बेमताटोली निवासी अविनाश खलखो को फ्रेब्रीकेशन दुकान का संचालन करने के लिए अजजा टर्म लोन योजना के तहत 5 लाख रुपए का लोन दिया गया है। अविनाश खलखो ने जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज वे स्वंय दुकान का संचालन कर रहे है। और उन्हें बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने बताया कि आज वे अपने परिवार के साथ हंसी-खुशी जीवन यापन कर रहे है। दुकान से आमदनी भी अच्छी हो रही है। इसके कारण वे किस्त भी समय पर दे पा रहे हैं। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित के कार्यपालन अधिकारी योगेश ध्रुव ने बताया कि जिले में लक्ष्य अनुसार विभाग के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। हितग्राहियों का चयन के लिए जिला स्तर पर चयन समिति गठित किया गया है। अजजा टर्म लोन योजना के तहत अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवा या महिलाएं आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि हितग्राहियों को स्वयं का स्वरोजगार स्थापित करने के लिए कम ब्याज दर पर 50 हजार से 5 लाख रुपए तक का लोन उपलब्ध कराया जा रहा है।

## एक नजर

### जनहानि के 1 मामले में प्रभावित परिजनों हेतु 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 1 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6.4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत पत्थलगांव विकासखण्ड के निवासी स्व. रूपवती कुर्रे की कुंआ के पानी में डूबने से 01 जुलाई 2022 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पिता हीरालाल कुर्रे हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं।

### जिले में खोले जाएंगे नये क्लब फुट क्लीनिक

**जशपुरनगर।** संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें रायपुर के द्वारा 04 नये क्लब फुट क्लीनिक खोले जाने की अनुमति प्रदान की गई है। जिसमें जिला चिकित्सालय जशपुरए जिला चिकित्सालय कांकेरए जिला चिकित्सालय बीजापुर और जिला चिकित्सालय कवर्धा शामिल है।

### अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देशन में अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर ने जनदर्शन के माध्यम से ग्रामीण जनों की शिकायतों और समस्याओं को गंभीरता से सुना। सभी आवेदकों ने अपर कलेक्टर के समक्ष अपनी मांगों एवं शिकायतों को प्रस्तुत किया। जनदर्शन में आज आर्थिक सहायता, वेतन भुगतान, रोजगार प्रदाय, अनुकम्पा नियुक्ति, अतिक्रमण हटवाने, मजदूरी भुगतान, मुआवजा, बंटवारा, भूमि-विवाद, नामांतरण, शिकायत जांच, बिजली बिल सुधार, आवास, वेतन वृद्धि, वन अधिकार पट्टा, स्वास्थ्य उपचार के लिए सहयोग, विभागीय योजनाओं से लाभ दिलाने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर ठाकुर ने अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को गंभीरता से लेने, यथाशीघ्र जांच पूर्ण करने एवं समय.सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए।

### श्रमिकों संगठनों का सदस्यता अभियान जारी

**कोरबा** । एसईसीएल में श्रमिकों संगठनों द्वारा सदस्यता अभियान जोर.शोर से चलाया जा रहा है। बीकेकेएमएस गेवरा एरिया में रामनारायण साहू को संयुक्त सलाहकार सदस्य बनाया गया है।

इसी तरह दीपका में रमेश गुरूद्वानए कोरबा में अशोक सूर्यवंशी व राजगोपाल सिंह को जेसीसी की जिम्मेदारी दी गई हैं। गेवरा के प्रितम राठौरए विरेंद्र राठौर व कुलदीप सिंह का मानना है कि इनके आने से सदस्य संख्या में बढ़ोत्तरी होगी। एसईकेएमसी गेवरा एरिया में केंद्रीय कर्मशाला के अध्यक्ष विकास शुक्ला को एरिया में कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया जा सकता है। इनके आने से सदस्य संख्या की बढ़ोत्तरी निश्चित मानी जा रही है। जहां पर गोपाल यादव, देवंत मिश्रा, छंदराम राठौर, जीवराखन चंद्रा कठिन परिश्रम कर रहे है। एसकेएमएस में भी कई नये चेहरे शामिल किये गये है।

# शीतला शक्ति पीठ सिहावा में दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ी

## युवाओं ने भंडारा कराया

**नगरी ।** शीतला शक्ति पीठ सिहावा में पंचमी महोत्सव धूम धाम से मनाया गया। मां शीतला का विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई।परम्परानुसार युवाओं द्वारा शीतला माता को छप्पन भोग लगाकर विशाल भंडारा किया इसमे श्रद्धालु प्रसादी लेते रहे। युवाओं की टीम में हरीश मालू,सचिन भंसाली,राजीव साहू,होरीलाल पटेल,स्वपनिल यदु,यसवंत साहू,मिथलेश कश्यप,ललित निर्मलकर, कुलदीप साहू,हरीश यादव,द्रविड़ नाग,प्रशांत साहू,नीलकण्ठ कश्यप ,भरत लहरे शामिल रहे।पंचमी महोत्सव पर मन्दिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही।दर्शनार्थी कतारबद्ध होकर अपनी मनोकामना के लिये श्रृंगार सामग्री, श्री फल आदि पूजन सामग्री माता को समर्पित किये। माता सेवा मण्डलिओ ने बारी बारी से पंचमी महोत्सव पर जस गीत गाया।भंडारा में डाइट नगरी व कालेज के छात्र छात्राओं ने व्यवस्था बनाने में अपनी सहभागिता निभाई।खीरपूड़ी का वितरण देव श्री निर्मलकर कांकेर ने किया।शीतला समिति के अध्यक्ष कैलाश पवार ने बताया की चैत्र नवरात्रि पर इस बार कुल 920 ज्योति प्रज्ज्वलित हो रहे है।प्रतिदिन भोजन प्रसादी का वितरण भोजन दाताओं द्वारा प्रदान किया जा रहा है छठवे दिन सुमन राजपूत, सातवे दिन ढाल चंद बाफना,अष्टमी को गोल्डी चोपड़ा,नवमी को मानविक सिन्हा द्वारा भोजन प्रसादी का वितरण होगा।पंचमी के अवसर पर संरक्षक कलम सिंह पवार,सचिव नेम सिंह बिशेन,नरेंद्र नाग,नारद निषाद,बुधेस्वर साहू,कोशाध्यक्ष गेंद लाल यादव

मंच संचालक तुकाराम साहू,गोरख शांडिल्य,गेंद लाल शाण्डिल्य पुजारी तुकाराम बेश, ज्ञान सागर पटेल,महेश शाण्डिल्य, बलदेव निषाद,राजकुमार निषाद,छबि ठाकुर,रवि ठाकुर, रामलाल नेताम,उत्तम साहू रामभरोस साहू,,गगन नाहटा,महेंद्र कौशल,कुँवर साहू, संजय सारथी,मंशा राम साहू,जग्गू साहू,उदय राम साहू,मदन साहू,नरेश पटेल ,टीकू ध्रुव,लोकेश पवार,सरस साहू,फ्तेन्द्र पवार,महेश साहू,लाल जी साहू,कृपा राम नेताम,महेंद्र साहू अभय नेताम ,ध्रुव शाण्डिल्य, खि़रभन शाण्डिल्य, शशि शाण्डिल्य, देवन बाई, सुन्दिरया साहू,चरणबति नेताम आदि व्यवस्था में जुटे रहे।

# कलेक्टर की उपस्थिति में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के सफल क्रियान्वयन हेतु नियुक्त सुपरवाइजर दल का प्रशिक्षण हुआ आयोजित

* कलेक्टर ने सभी को प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता से लेने एवं जिज्ञासाओं का भी समाधान कराने की कही बात

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



**मास्टर ट्रेनर द्वारा सुपरवाइजरों को सर्वेक्षण हेतु मोबाईल एप्प के उपयोग के संबंध में दी गई विस्तृत जानकारी**

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट के मंत्रणा सभाकक्ष में 01 अप्रैल से प्रारंभ हो रहे छत्तीसगढ़ राज्य सामाजिक.आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के सफल क्रियान्वयन हेतु नियुक्त सुपरवाइजर दल का प्रशिक्षण आयोजित हुई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा सभी को मोबाईल एप्प के उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेंद्र यादव, मास्टर ट्रेनर डी.आर राठिया, सभी जनपद सीईओ सहित शिक्षा विभाग से नियुक्त सुपरवाइजर उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ मित्तल ने 1 अप्रैल से प्रारंभ किए जाने वाले सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के लिए जिला स्तर पर समन्वय, क्रियान्वयनए पर्यवेक्षण एवं संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस हेतु मास्टर ट्रेनर की नियुक्ति के साथ ही उन्हें प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया है। पंचायतों में सर्वेक्षण के लिए विभिन्न विभागों से समन्वय कर प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए प्रगणक दल का गठन किया गया है। साथ ही सुपरवाइजर, सर्वेक्षण की टीम में तकनीकी जानकारी रखने वाले शासकीय कर्मचारियों को शामिल किया गया है। कलेक्टर ने सभी को प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता से लेने के लिए कहा। साथ ही अपनी जिज्ञासाओं का भी समाधान कराने के लिए कहा। जिससे उन्हें एप्प के उपयोग में किसी प्रकार की समस्या ना हो और वे सरलता से सर्वे का कार्य पूर्ण कर सके। उन्होंने पंचायतों में सर्वेक्षण के संबंध में मुनादीए पोस्टर बैनर के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करने एवं लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। जिससे ग्रामीण सर्वेक्षण के दौरान अपने घरों में मिल सके एवं प्रगणकों को अनावश्यक परेशानी ना हो। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत यादव ने कहा कि सर्वेक्षण का कार्य शासन की प्राथमिकता है। इस हेतु सभी इस कार्य में व्यक्तिगत रुचि लेकर कार्य करे। सर्वेक्षण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। प्रगणकों द्वारा ग्रामीणों के सम्बंध में सही जानकारी प्रविष्ट की जाए। सभी इस बात का विशेष ध्यान रखे।



प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा सभी सुपरवाइजर को मोबाइल एप्प के सारे फंक्शन एवं फीचर के बारे में बताया गया साथ ही एप्प के उपयोग के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि एप्प में ऑफ लाइन मोड में एन्ट्री कर सकते हैं। जो इंटरनेट कनेक्टिविटी मिलते ही डाटा अपडेट कर देगा। मास्टर ट्रेनर द्वारा सभी सुपरवाइजर को सर्वेक्षण हेतु तैयार प्रपत्र की जानकारी एवं भरे जाने वाले विवरण के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि सर्वे करते समय प्रगणक किसी भी मकान का फोटो खींचे तो उसमें मुखिया और मकान का नंबर स्पष्ट दिखना चाहिए। एक परिवार को एक प्रपत्र भरना होगा। प्रपत्र में आधारभूत जानकारी प्रविष्टि करनी है। प्रगणक दल में एक पुरूष शासकीय कर्मचारी और एक महिला मितानिन या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि शासकीय तौर पर कार्यरत महिलाएं हो सकती हैं। एक टीम लगभग 400 घरों का सर्वे करेंगे। लगभग 750 घरों के लिए दो टीम सर्वे का काम करेंगे। एप्प में राशन कार्ड के डाटा, नया राशन कार्ड एन्ट्री, परिवारों के सदस्यों की सूची और उनका कौशल प्रशिक्षण, प्रशिक्षण के उपरांत उनका वर्तमान आय, भूमि, आयकर दाता, आवास, शौचालय, वाहन, घरेलू रसोई गैस, आधार की सहमति आदि की जानकारी प्रविष्ट करनी होगी। प्रत्येक सुपरवाइजर हेतु क्लस्टर निर्धारित किया गया है। जिसके अंतर्गत 2.3 पंचायत शामिल है। जिनका उन्हें डाटा वेरिफाई करना है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा एप्प के उपयोग के संबंध में आने वाले परेशानियों एवं उसके निराकरण के संबंध में पूरी जानकारी दी गयी साथ ही उनकी जिज्ञासाओं का भी समाधान किया गया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खास कार्यक्रम मन की बात के जरिये देश से की जनता से बात साझा किया

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अपने खास कार्यक्रम मन की बात के जरिये देश से की जनता से बात साझा किया जिसे भाजपा बेरला मण्डल के प्रत्येक बूथ में मन की बात प्रभारी नियुक्त कर सभी अपने अपने बूथ पर कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम को श्रवण किया इसी कड़ी में बूथ नंबर 160 लेंजवारा में भाजपा प्रदेश मंत्री पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल की मुख्यातिथि में शक्तिकेंद्र टकसींवा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता ने मन की बात सुनी। यह मन की बात का 99वॉ और इस साल का तीसरा एपिसोड है।मन की बात 99 वा में खास बात इस एपिसोड में प्रधानमंत्री ने आर्गन डोनेशन पर बात की। उन्होंने दो ऐसे परिवारों से बात की जिनके किसी सदस्य सदस्य की मृत्यु के बाद उसके अंगदान किये गए। इनमें से एक परिवार पंजाब का था जिसकी 39 दिन की बच्ची देश की सबसे कम उम्र की आर्गन डोनर बनी। साथ ही इस एपिसोड में नारी शक्ति,क्लीन एनर्जी,कोरोना से सावधानी और 100 एपिसोड को लेकर लोगो की राय भी मांगी उन्होंने कहा लोगो के विचार ही 30 अप्रैल को होने वाले 100वें मन की बात को खास बनायेगे। मन की बात कार्यक्रम के बाद बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत भाजपा देश भर में शक्तिकेंद्र स्तर पर महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण को वाचन व बूथ को मजबूती प्रदान करने के लिए अभियान चला रही है जिसमे बेरला मंडल के अंतर्गत बचे हुए टकसींवा शक्तिकेंद्र और दारगांव शक्तिकेंद्र राष्ट्रपति के अभिभाषण ग्रामवासी व कार्यकर्ताओं के समक्ष टकसींवा शक्तिकेंद्र में पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल,जिला पंचायत सभपति पुष्पा साहू,मोर्चा अध्यक्ष जगदीश कुर्रेएशक्तिकेंद्र प्रभारी सरजू साहू दारगांव शक्तिकेंद्र में महामंत्री डोमेंद्र राजपूतएशक्तिकेंद्र प्रभारी बलराम यादव व बूथ पदाधिकारी ने वाचन किया। अवधेश चन्देल ने बताया कि हम बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत बूथ मजबूती के लिए पन्ना प्रमुख तक की जिम्मेदारी तय करके आगामी हर एक गतिविधि के लिए भाजपा का एक एक कार्यकर्ता तैयार है। साथ बूथ में केंद्रीय योजनाओं के लाभार्थी के साथ भेंट मुलाकात व केंद्र की उपलब्धि भाजपा डॉ रमन सिंह सरकार के 15 साल के विकास को एक एक व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य कर रहे है कांग्रेसी पूछते 15 साल क्या किये मैं उनको बताता हूं जहां बीमारू राज्य से देश के अग्रणी विकसित राज्य में खड़ा करने वाले भाजपा डॉ रमन सरकार ने किया। समर्थन मूल्य में धान खरीदी की व्यवस्था को ऑनलाइन जोड़ने का कार्य पारदर्शी व्यवस्था। कृषि ऋ ण 14: से शून्य प्रतिशत किया बिना ब्याज के कर्ज। 5 लाख किसानों को बिजली कनेक्शन मनरेगा कार्य को 150 दिन करना। पलायन नहीं अवसरों का प्रदेश बनाया मिटाया महतारी के माथे से पिछड़ेपन का दाग। पावर हबसीमेंट हब,इस्पात एल्युमिनियम हब,एजुकेशन हब,हेल्थ केयर हब,डिजिटल हब के साथ देश को मौलिक अवधारानये देने वाले राज्य की पहचान बनाया और कांग्रेस उल्टा 36 वादे किए एक भी वादा पूरा नही किया जहां किसानएकर्मचारी व आम जनता परेशान है जहां किसानों को खाद बीज को लेकर रुलाया रकबा कटौती करना बिजली कटौती करना बारदाना नही देना शराबबंदी का वादा बेरोजगारी भत्ता नही देना प्रधानमंत्री आवास योजना रोक के रखना यह कांग्रेस का कार्य है। इस अवसर पर टकसींवा शक्तिकेंद्र अवध राम साहू,सुरेश साहू,लिखित साहू,गणेश निर्मलकर,अनुज राम साहू,हुलास राम,मन्नू राम साहू,प्रकाश साहू,पुनीत साहू,झनक राम साहू अध्यक्ष साहू समाज परी,नेतराम,समेलाल,शिवठाकुर, दीनदयाल,बलराम,कलीराम गायकवाड़,बिसेसर,डाल चंद साहू,रमेश साहू,रामकुमार साहू,बिसाहिन साहू,चमेली साहू,पुनिया साहू,गिरिजा साहू,दारगांव शक्तिकेंद्र चम्पेस्वर साहू,रमेश साहू, दीपक अग्रवाल,संतोष यादव, श्यामसुन्दर राजपूत, दीपलाल साहू, गोवर्धन चौहान, त्रिलोचन साहू,राकेश साहू, अशोक कुमार,हेमंत साहू, उत्तम कुमार, इतवारी यादव,बहाली, विनय तुरकाने, सुरेंद्र कोमल साहू,धनी राम, दुरपत बाई, बिमल राजेस्वरी, सुसील रुखमनी अन्य कार्यकर्ता व ग्रामवासी मौजूद थे।

## एक नजर

### 28 मार्च को बिलाईगढ़ और बरमकेला में 29 मार्च को फूड लाइसेसं शिविर

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देश पर उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला सारंगढ़.बिलाईगढ़ द्वारा जिले में फ ूड लाइसेंस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा एफ एसएसएआई खाद्य अनुज्ञप्ति, पंजीयन शिविर गोपाल किराना स्टोर, इंद्रा मार्केट बिलाईगढ़ मे 28 मार्च को तथा ड्रीम कैफे लेंधरा रोड़ बरमकेला में 29 मार्च को फूड शिविर का आयोजन किया गया है। पंजीयन का कार्य प्रात: 11 बजे से संध्याकालीन 4 बजे तक किया जावेगा। शिविर में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 31 के तहत रिपैकर,रीलेबरर,खाद्य परिवहन, थोक व खुदरा विक्रेता, होटल,रेस्टोरेंट,ढाबा,किराना दुकान,मीट शॉप, पान ठेला, गुपचुप ठेला, गन्ना रस,जूस सेंटर, खाद्य बर्फ, पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर, सब्जी, फल विक्रेता व अन्य किसी भी प्रकार के खाद्य कारोबार कर्ता को लाइसेंस पंजीयन प्रमाण पत्र बनवाना अनिवार्य है। बिना खाद्य अनुज्ञप्ति के खाद्य कारोबार करने पर 6 माह का कारावास एवं एक लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा कड़ी कार्यवाही की जा सकती है। पंजीयन लाइसेंस के लिए खाद्य कारोबार कर्ता के पासपोर्ट साइज का फोटो, आधार कार्ड,बिजली बिल, किरायानामा नियम की एनओसी या गुमास्ता दस्तावेज होना अनिवार्य है। पंजीयन हेतु वार्षिक टर्नओवर 12 लाख तक होने पर 100 पंजीयन शुल्क, 12 लाख से 20 करोड़ तक पर 2000 है। जबकि उतापदन कर्ता हेतु क्रमश: 3000 व 5000 रूपए का शुल्क प्रति वर्ष निर्धारित है। जिला प्रशासन ने सभी खाद्य कारोबार कर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पंजीयन अनुज्ञप्ति शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

रोजगार सहायिका का फर्जीवाड़ा

### मृत ग्रामीण को मनरेगा में मजदूर दर्शाकर की 74680 रुपए की वसूली

**कोरबा** । एक मृत ग्रामीण को मनरेगा में मजदूर दर्शाकर पिछले 3 साल से उसका जॉब कार्ड भी क्रियान्वित रहा। मृत मजदूर के नाम से 74 हजार 680 रुपए का भुगतान भी हुआ। वही इस मामले की शिकायत ग्राम खम्हरिया निवासी बीरू कुमार ने कलेक्टर से किया है कि ग्राम पंचायत खम्हरिया की रोजगार सहायिका श्रीमती अनिता सोनवानी पति अमर लाल के द्वारा मृतक मजदूर राजकुमार पिता दयाराम सतनामी निवासी खम्हरिया के नाम पर जॉब कार्ड के माध्यम से रोजगार गारंटी योजना में हाजिरी दर्ज कर कार्ड नंबर 159.बी के जरिए लगभग 74680 रुपए एवं बैंक ऑफ बडौदा में संचालित रोजगार सहायिका के उक्त बैंक खाता में दर्ज करा कर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। बताए अनुसार राजकुमार पाटले पिता दयाराम की मृत्यु 19 जुलाई 2019 को हो चुकी है जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र भी जारी हो चुका है लेकिन उसने वर्ष 2022 के अंत तक विभिन्न निर्माण कार्यों में काम किया है।

आरोप यह भी है कि रोजगार सहायिका और उसके पति व रिश्तेदारों के नाम पर फर्जी जॉब कार्ड भी है। कार्ड नंबर 184.बी पुष्पा, 297. अमन, 439 अमन, अमरलाल, 481 गीता, 482 ईश्वरए 423 राजकुमार, 474 ललिता, 484 अजय, 432 दिव्या सोनी, 624 सरिता तथा जॉब कार्ड नंबर 628 अहिल्या के नाम पर है। इस संबंध में शिकायत सूचना 22 फरवरी को भी दिया गया था। लेकिन जिला प्रशासन के द्वारा किसी प्रकार के कोई कार्यवाही आज तक नहीं हुई बल्कि जनपद पंचायत अधिकारी के द्वारा जॉब कार्ड नंबर 159.बी मृतक राजकुमार का नंबर को डिलीट करवा दिया गया। शिकायतकर्ता ने पुन: 21 मार्च को कलेक्टर से शिकायत करते हुए आग्रह किया है कि इस भ्रष्टाचार में संलिप्त लोगों तथा फर्जी तरीके से सरकार की राशि का गबन करने वालों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही कर दोषी को निलंबित किया जाए।

अगर यह शिकायत सही है तो जिला प्रशासन ने मनरेगा का गलत आंकड़ा प्रस्तुत कर वाहवाही लूटने के लिए छत्तीसगढ़ में कोरबा जिला को नंबर वन बताया है। 25 फरवरी 2023 को जिला प्रशासन कोरबा के द्वारा जारी किए गए समाचार के अनुसार प्रदेश में प्रथम स्थान पर 99.72 प्रतिशत एफ टीओ समय-सीमा में जारीए91 करोड़ रूपये का किया गया मजदूरी भुगतान। जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम अंतर्गत कराये गये कार्यो के समयब मजदूरी भुगतान में इस वर्ष कोरबा जिला अब तक प्रदेश में अव्वल नंबर पर है। वही इस साल जिले में अब तक मजदूरी भुगतान हेतु 99.72 प्रतिशत फंड ट्रांसफर आर्डर एफटीओ समय-सीमा में जारी किया गये है। जिले में अब तक वित्तीय वर्ष 2022-23 में 90.99 करोड़ रूपये का मजदूरी भुगतान श्रमिकों के खातों में किया गया है। कलेक्टर संजीव झा के द्वारा मनरेगा की निरंतर समीक्षा एवं सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। जिसके परिणाम स्वरूप कोरबा जिला समयबद्ध मजदूरी भुगतान में प्रदेश में शीर्ष पर बना हुआ है।

# बाबा मोहदी पाठ मंदिर में जल रही जोत



**बालोद।** न्याय सिद्ध अर्चना मोंहदीपाठ व समस्त ग्रामवासी के तत्वाधान में देवभूमि बाबा मोहदी पाठ मैं चैत्र नवरात्रि पर्व पर जोत जवारा व मनोकामना 272 ज्योति कलश जगमग जगमग जल रही है। बाबा मोदी पाठ प्रांगण में 22 मार्च से 30 मार्च तक सु मधुर संगीत में राम कथा अनंत श्री विभूति कनिष्ठ जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी आत्मानंद सरस्वती जी महाराज के श्री मुख से प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक राम कथा हो रही है। वही न्याय सिद्धार्थ मोंहाफी पाट समिति अध्यक्ष नरसिंह देवांगन ने बताया कि पूरे अंचल में बाबा मोहंदी पाठ की महिमामंडित है। दूरदराज से बाबा के मंदिर में श्रद्धालु आते हैं वहीं बाबा सब की मनोकामना पूर्ण करते हैं। चैत्र नवरात्र में 272 ज्योति कलश जल रही है। इस मंदिर की विशेषता यह है कि नवमी विसर्जन के दिन कुंवारे लड़के ज्योति कलश विसर्जन तालाब में विसर्जन करते हैं, जिसे देखने दूर-दराज से श्रद्धालु आते हैं।

# कलेक्टर जनदर्शन दो बुजुर्ग महिलाओं को तत्काल मिला अन्त्योदय राशन कार्ड

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



कलेक्टर डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी ने आज कलेक्टोरेट में जनदर्शन के दौरान लोगों की मांग, शिकायत, सुझाव सुनीं। उन्होंने संबंधित प्रकरणों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित की। जनदर्शन में अवैध कब्जा, पेंशन, शौचालय निर्माण हेतु सहायता राशि, पीएम आवास ग्रामीण, बिलाईगढ़ में जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक की शाखा खोलने, बिलाईगढ़ में सुलभ शौचालय खोलने, 46 सागौन पेड़ काटने की अनुमति, गांव परसदा बड़े में शासकीय उचित मूल्य पीडीएस दुकान खोलने, बैटरी चलित ट्राइसायकल प्रदान करने, शासकीय उचित मूल्य दुकान के पूर्व संचालक के विरूद्ध शिकायत, राशन कार्ड बनाने, धमकी, आंगनबाड़ी नियमित नहीं खोलने की शिकायत, गौठान परिसर में अवैध निर्माण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्रदान करने, आपराधिक प्रकरण आदि के आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसी प्रकार 2 गरीब बच्चों के इलाज के आवागमन के लिए बस पास की सुविधा के लिए प्रार्थना की है। जनदर्शन में 30 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जनदर्शन में ग्राम उलखर की परित्यक्ता भेकबाई चन्द्रा के प्राथमिकता राशन कार्ड को परिवर्तित कर अन्त्योदय राशन कार्ड के लिए निवेदन करने पर कलेक्टर की पहल से तत्काल अन्त्योदय राशन कार्ड बनाकर प्रदान किया गया। इसी प्रकार बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम बिलासपुर की रामबाई साहू के निवेदन पर तत्काल अन्त्योदय राशन कार्ड बनाकर प्रदान किया गया।



# महतारी के कोरा कला दल ने भरपूर मनोरंजन किया




**भिलाई ।** मां कल्याणी शीतला मंदिर, मरोदा, रिसाली में चल रहे भव्य वासंती चैत्र नवरात्रि महापर्व में पंचमी पूजा एवं बाना परघौनी पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। आयोजन समिति कार्यकर्ताओं द्वारा रिसाली गांव से भजन कीर्तन करते हुए शोभा यात्रा निकाली गई, और मंदिर परिसर में बाना का स्वागत कर स्थापना की गई।

संध्या महाआरती पश्चात श्री शिवम महिला भजन मंडली हिंद नगर, रिसाली एवं गोंडवाना साहित्य एवं सांस्कृतिक विंग, रिसाली-मरोदा, द्वारा माता जस गायन की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात इस दिन की प्रमुख सांस्कृतिक प्रस्तुति महतारी के कोरा (देऊरगांव, साजा) ने देर रात तक उपस्थित दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रमुख रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशीला साहू, समाजसेविका एवं धर्मपत्नी सांसद दुर्ग रजनी बघेल, डॉ. घनश्याम निषाद, अध्यक्ष निषाद समाज दुर्ग, लिलेश देशमुख, निज सचिव सांसद दुर्ग एवं पार्षद विधि यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन समिति सचिव शैलेंद्र शेण्डे शैली ने किया। समिति के अध्यक्ष अरुण वर्मा, चोवाराम निषाद, तेजराम साहू, शंभू पटेल, भूखा यादव, रमेश वर्मा, विमलदास मानिकपुरी, मुकेश यादव व पूनमचंद सपहा आदि उपस्थित थे।




# कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

## मध्याह्न भोजन की स्थिति का लिया जायजा

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।




कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था, बच्चों को वितरित किये जाने वाले पोषण आहार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने गंभीर, मध्यम कुपोषण की श्रेणी के बच्चों की जानकारी ली। कलेक्टर पन्ना ने लवसरा, बेल्हाडीह, रायपुरा, सुवाडेरा, हरेठी, सक्ती सहित नंदेलीभाठा के आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बच्चों की उपस्थिति, बच्चों को मिलने वाले नाश्ता, मध्यान्ह भोजन, दूध आदि के वितरण की स्थिति देखी। कलेक्टर ने कुपोषित बच्चों की स्थिति की जानकारी लेते हुए बच्चों का वजन, ऊंचाई आदि की जांच कराई। उन्होंने बच्चों को दिए जाने वाले मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता भी परखी। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्र पर सफाई, बच्चों को पर्याप्त मात्रा में नाश्ता और मध्यान्ह भोजन सहित अन्य पोषण आहार सामग्री का वितरण समय पर और नियमित रूप से किया जाए। उन्होंने कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराए जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने लवसरा आंगनबाड़ी केंद्र में मेनू के अनुसार भोजन नहीं देने पर नाराजगी जताई।

### प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र का बेहतर संचालन हो-कलेक्टर

कलेक्टर पन्ना ने आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण के दौरान बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता को भी परखा और भोजन के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर ने जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में प्रत्येक आंगनबाड़ी का बेहतर ढंग से संचालन हो। बच्चों को नियमित रूप से निर्धारित समय पर नाश्ता, मध्याह्न भोजन, दूध आदि का वितरण हो। प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर साफ-सफ ई और स्वच्छता की व्यवस्था हो। बच्चों का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण हो। इस अवसर पर जिला महिला बाल विकास अधिकारी सूर्यकान्त गुप्ता, परियोजना अधिकारी मोहम्मद अहमद, पर्यवेक्षक बीना साहू सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के लिए एसडीएम, सीएमओ एवं सीईओ पूरी रखें तैयारी-कलेक्टर बंसल

* सुपरवाइजर व सर्वे करने वाले प्रगणकों की होगी जल्द ही ट्रेनिंग

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।




छग सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के संबंध में मास्टर ट्रेनरों की कलेक्टर ने ली बैठक

शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के सर्वे की तैयारी के संबंध में कलेक्टर रजत बंसल ने सभी एसडीएम, सीएमओ,सीईओ व जिले के सभी मास्टर ट्रेनरों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर बंसल ने सभी अधिकारियों और मास्टर ट्रेनरों को निर्देशित किया कि सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण अति महत्वपूर्ण है। इसके लिए सभी व्यापक तैयारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला पंचायत अतिरिक्त कार्यपालन अधिकारी हरिशंकर चौहान व जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी सुमित मेरावी उपस्थित रहे। कलेक्टर बंसल ने छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि आर्थिक सामाजिक सर्वेक्षण का कार्य 1 अप्रैल से शुरू किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण करनी है। सर्वे के लिए प्रशिक्षण देने वाले मास्टर ट्रेनर से लेकर सर्वे करने वाली टीमों का गठन कर लिया जाए। चूंकि सर्वे का डेटा ऑनलाईन फीड किया जाना है। इसलिए आवश्यक है कि इसके सभी तकनीकी पहलुओं को लेकर जरूरी ट्रैनिंग भी पूरी कर ली जाए।

### मास्टर ट्रेनरों को दिया गया प्रशिक्षण

सर्वेक्षण कार्य संपन्न कराने हेतु जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया गया उक्त ट्रैनिंग में जिला योजना सांख्यिकी अधिकारी सुमित मेरावी ने कहा कि सर्वे करते समय प्रगणक किसी भी मकान का फोटो खींचे तो उसमें मुखिया और मकान का नंबर स्पष्ट दिखना चाहिए। प्रपत्र में आधारभूत जानकारी प्रविष्टि करनी है। एक टीम लगभग 400 घरों का सर्वे करेंगे। लगभग 750 के घरों के लिए दो टीम सर्वे का काम करेंगे। एक टीम में एक पुरूष शासकीय कर्मी और एक महिला कर्मी मितानिन या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि शासकीय तौर पर कार्यरत महिलाएं हो सकती हैं। एप में राशन कार्ड के डाटा, नया राशन कार्ड एन्ट्री,परिवारों के सदस्यों की सूची और उनका कौशल प्रशिक्षण,प्रशिक्षण के उपरांत उनका वर्तमान आय,भूमि, आयकरदाता,आवास,शौचालय,व ाहन,घरेलू रसोई गैस,आधार की सहमति आदि की जानकारी होगी। जिला पंचायत अतिरिक्त कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि जिला और ब्लॉक स्तर पर प्रगणकों की भर्तीए ट्रेनिंग का स्थान,संख्या ड्यूटी आर्डर आदि कार्य करना है। अच्छे प्रशिक्षित ट्रेनर के द्वारा इस एप्प को शेयर करके व ब्लॉक स्तर पर सुपरवाइजर व संगणको को विशेष प्रशिक्षण दिया जा जाना है।

चूंकि 01अप्रैल 2023 से सभी जिले और ब्लाक में कार्य शुरू किया जाना है। किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए जिला एवं जनपद स्तर पर नोडल नियुक्त किए गए है। सर्वेक्षण कार्य संपन्न होने पर ग्राम सभा की विशेष बैठक बुलाकर सर्वेक्षण की जानकारी प्रदान कर सभी से प्राप्त किया जाए। इस अवसर पर बलौदाबाजार एसडीएम रोमा श्रीवास्तव भाटापारा एसडीएम नरेंद्र बंजारा,सिमगा,आशीष कर्मा,कसडोल एसडीएम भूपेंद्र अग्रवाल,गिरौदपुरी रामरतन दुबे सहित सभी सीएमओ, सीईओ एवं संबधित विभागीय अधिकारी के साथ जिले के सभी विकासखंडों से आये मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।


# वन विभाग के अधिकारियों की सांठ-गांठ से वन परिक्षेत्र में हो रही अंधाधुंध कटाई

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

अवैध ईट भट्टी में उपयोग की जा रही है, लकड़ियां, विभाग के अधिकारी पैसा लेकर कर रहे बंदरबांट कुसमी विकासखण्ड ग्राम पंचायत सेमरा झकमक नाला के समीप के पास वन परिछेत्र की जंगल है।







जो कि पूरा वन जंगल कुसमी रेंज के अंतर्गत आता है वहां पास कुछ दिन पहले पेड़ो की अंधाधुंध कटाई हुई है, जब हामरे संवाददाता सद्दाम खान ने देखा तो पाया गया कि अज्ञात लोगों के द्वारा बड़े.बड़े पेडों को काटकर ले जाया गया। और कुछ बड़े पेड़ों की शाखा को नहीं ले जा पाया तो उसके जंगल में छोड़ दिया गया है। और कुछ छोटे-छोटे पेड़ो की भी कटाई कर दी गयी है। और जिम्मेदार अधिकारियों की इसकी भनक भी नहीं आखरी जिमेदार अधिकारी कर क्या रहे हैं। जंगलों की अंधाधुंध कटाई हो रही हैं। और विभाग चैन की नींद सो रही है।

उन्हें सुध लेने की जरा ही भी फुर्सत नहीं है, दूसरी ओर देखा जाय तो जिस पंचायत का यह मामला है। उसी पंचायत में जंगलों के समीप में ही जंगलों को पेड़ों से कटाई हुई लकड़ियों से अवैध तरीके से ईटा भट्टा में जंगलों की लकड़ियों का उपयोग कर रहे हैं। सेमरा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों-ग्रमीणों से जब पूछताछ की गयी तो ग्रमीणों ने वन विभाग के अधिकारियों के ऊपर आरोप लगाया की हम जंगल को वन विभाग के महिला दरोगा से पूछ कर काट रहे हैं। और हम पैसा देकर पेड़ काटे है, उनसे पूछा गया था। उन्होंने बताया कि हमने 4000 हाजर रुपये दिया है।





जिसकी रशीद देने की बात बन विभाग के अधिकारी ने की है, ओर अब तक हमे रशीद नहीं दिया है। आप देख सकते हैं। की किस तरह से जंगलों की लकड़ियों का बंदरबांट करते नजर आ रहे हैं। वन विभाग के अधिकारी, अब देखने वाली बात यह है। की खबर प्रकाशित होने के बाद भी वन विभाग के अधिकारियों के ऊपर तत्काल त्वरित कार्यवाही होती है नहीं।

** इस मामले में वन विभाग के डीएफओ से बातचीत की गयी। तो उन्होंने कहा कि इस मामले के ऊपर जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने की बात कही गयी।*

***-डीएफओ***

** इस सम्बंध में रेंजर से चर्चा की गयी उन्हींने कहा उनके ऊपर कार्यवाही कि जाएगी। और अगर पैसा वास्तविक ली गयी होगी। तो पैसा वापिस देने की बात कही गयी।*

***-काली राम रेंजर कुसमी***

## बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम की समीक्षा करने पहुंचे बिलासपुर संभाग प्रभारी किरण देव

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।




भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सक्ती में बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा संगठन संभाग प्रभारी किरण देव ने बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम किं सामीक्षा बैठक में सारगर्भित बाते की एवं सभी मंडल प्रभारी, एवं मंडल अध्यक्षो से बन टू बन चर्चा की एवं मंडल के कार्यो की समीक्षा की, जिला प्रभारी गुरुपाल भल्ला ने कहा की हम अपने बूथ को सशक्त कर लेंगे तो हमे चुनाव जीतने से कोई नहीं रोक सकता, जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने संगठन के कार्यो को समयसीमा में करने की बात कही। उक्त बैठक में सक्ती विधानसभा प्रभारी विकास केडिया,जैजैपुर विधानसभा प्रभारी विवेकरंजन सिन्हा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व मीडिया पैनलिस्ट संयोगिता सिंह जूदेव, वरिष्ठ नेता रामावतार अग्रवाल,प्रीतम सिंह गबेल, जिला महामंत्री गगन जयपुरिया, टिकेश्वर गबेल, पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू, जिला उपाध्यक्ष अमृत लाल साहू,गोपीसिह ठाकुर,भूषण चंद्रा,पीताम्बर पटेल संजय रामचंद्र, कोषाध्यक्ष राम नरेश सिंह यादव,जिला मंत्री भुवन भास्कर यादव, घनश्याम साहू, जिला प्रवक्ता रमेश सिंघानिया,अरुण शर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कमलेश जांगड़े, कीर्तन चंद्रा, युवामोर्चा जिला अध्यक्ष लोकेश साहू, तीनों विधानसभा मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, प्रेम पटेल, प्रभास सिंह ठाकुर, संतोष राठौर, भूपेंद्र यादव, बबलू मैत्री, गोविंद देवांगन,धर्मेंद्र पटेल,पहलवान दास महंत शांतनु गबेल एवं काफ ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्तागण शामिल रहे।

## नाबालिग लडकी को बहला फुसलाकर अपहरण कर किया बलात्कार आरोपी गिरफतार

रतनपुर पुलिस द्वारा महज 06 दिवस के भीतर नाबालिग का अपहरण कर बलात्कार के आरोपी को किया गिरफतार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।




थाना उपस्थित आकर अपने नाबालिग बच्ची के घर पर नही होने /अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने के रिपोर्ट पर अपराध क़ायम कर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो के दिशा निर्देशो पर महिला संबंधी / बच्चो सें संबंधित अपराध की गंभीरता को देखते रिपोर्ट दिनांक से लगातार कडी दर कडी सायबर सेल के माध्यम से सबूत इकट्ठा कर महज 06 दिवस पर नाबालिग लडकी को सही सलामत बरामद कर लिया गया हैं पतासाजी दौरान दिनांक 26.03.2023 के नाबालिग लडकी को आरोपी लोकेश पटेल निवासी करैयापारा रतनपुर के कब्जे से बिलासपुर से बरामद किया गया पूछताछ पर आरोपी लोकेश पटेल द्वारा नाबालिग लडकी को शादी का प्रलोभन देना तथा ट्रेन से कंही बाहर ले जाने के फिराक में था बताया तथा आरोपी लोकेश पटेल पिता श्री समझराम पटेल के उम्र 20 साल साकिन केरापारा थाना रतनपुर के द्वारा नाबालिग लडकी को शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ दैहिक शोषण करने के अपराध पर धारा 366,376 भादवि ,4,6 पोक्सो एक्ट के धारा जोडकर आरोपी को न्यायालय पेस किया है।

## शिविर में अनेक लोगों ने किया रक्तदान



**बालोद।** डीबी ग्रुप के द्वारा साहू सदन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे नगर के रक्तदाताओं द्वारा 63 यूनिट रक्तदान किया गया। इस शिविर में मोहला मानपुर एमएमसी ग्रुप से लीमेश रावटे मनोज कुमार प्रवीण पटेल अन्य आए साथियों ने भी रक्तदान किया एवं सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया संस्था के मध्यम से रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है जिससे नगर व आस पास के जरूरतमंद मरीजों को आसानी से रक्त उपलब्ध किया जा सके डीबी ग्रुप के माध्यम से 7वा रक्तदान शिविर किया गया संस्था पिछले 8 वर्ष से निशुल्क सेवा प्रदान कर रहा है । शिविर में विशिष्ट अतिथि नगर पुलिस अधिक्षक कर्ण ऊके ने छ्क्क ग्रुप द्वारा रक्तदान के क्षेत्र में कार्य की सराहना की एवं सफल आयोजन के लिए ग्रुप को बधाई दिए। ऊके ने अपने उद्बोधन में संस्था के सदस्यों को आगामी रक्त जन जागरूकता अभियान के लिए प्रोत्साहित किया। नगर के क्षितिज हुमने कोमल ठाकुर व टीम 1200 किमी सायकल यात्रा पर जाएंगे इसके लिए हमारी पुलिस विभाग जन कल्याण कार्य के लिए सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित नरेन्द्र खोब्रागड़े वीरेन्द्र भारद्वाज, युवराज साहू, चेतन साहू देवलाल ठाकुर कासिम कुरेशी भूपेन्द्र श्रीवास दामोदर राव, पीयूष साहू रेखू साहू के द्वारा संस्था के सभी सदस्यों को बधाई दिए। कार्यक्रम में उपस्थित ब्लड बैंक स्टाफ किरण करियारे, जीतेश्वरी ध्रुव, निकिता मंडावी अंकिता यादव का सराहनीय योगदान रहा नारी शक्ति के रूप में महिला टीम से श्रीमती रेणुका साहू, कु निकिता पंजवानी ने रक्तदान किए कार्यक्रम की शुरुवात भारत माता आरती से किया गया।

## एक नजर

### स्व.सहायता समूह की महिलाएं को दिया जा रहा सिलाई प्रशिक्षण

डीटर्जेंट पाउडर एवं फिनाईल निर्माण के साथ बना रही बस्ता

जोहार छत्तीगढ़-सक्ती।



सामुदायिक स्वास्थ्य एवं विकास परियोजना मसीह अस्पताल चाम्पा द्वारा संचालित नई ऊड़ान नागरिक समाजिक संगठन सक्ती के माध्यम से गायत्री मंदिर में सिलाई प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में महिला समूह कि आर्थिक व समाजिक स्तिथि में बदलाव ला सके व यशस्वी महिला समूह के द्वारा डीटर्जेंट पाउडर, फिनाइल निर्माण किया जा रहा है। उनके कार्यो को देख कर जिला कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना द्वारा फाईलों को बांधने का बस्ता तैयार करने को लगभग 350 नग आर्डर दिया गया है। जिसमें से 24 नग बस्ता बनाकर नई उड़ान महिला समूह की अध्यक्ष देवंती देवांगन द्वारा आज कलेक्ट्रेट कर्यालय में कलेक्टर को दिया गया।

### भाजपा से प्रभावित होकर 30 लोगों ने किया पार्टी में प्रवेश

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



भारतीय जनता पार्टी जिला सक्ती के अन्तर्गत चंद्रपूर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत आमनदुला के लगभग 30 लोगों ने मोदी प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश लिया है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत चन्दा एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष लोकेश साहू, मालखरौदा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्याम नायक के नेतृत्व में भाजपा में प्रवेश किया।

### श्रीमद् देवी भागवत महापुराण का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।




ग्राम सिरली में इन दिनों श्रीमददेवी भागवत महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया गया। जिसमे श्रीमद् देवी भागवत कथा के व्यास आचार्य श्रद्धेय पं तुलेश्वर पाण्डेय सिरली वाले के मुखार वृंद से पांचवां दिन 26 मार्च 23 को श्री कृष्णअवतार की कथा सुनाई गई। भगवान का अवतार धर्म की रक्षा के लिए हुआ था। कलयुग मैं जो धर्म और न्याय प्रिय जीवन जीता है भगवान् श्रीकृष्ण उन्हें का साथ देता है। भगवान् कृष्ण ने अर्जुन को भी गीता में उपदेशात्मक शिक्षा में बताते हैं की यहां कर्म से भाग्य का निर्माण होता है इसलिए सौभाग्य के लिए अच्छे कर्मा सत्कर्म करना चाहिए। श्रीमद् देवी भागवत का आयोजन स्वर्गीय जोहन लाल श्रीवास की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी कमलाबाई एवं पुत्र दीपक श्रीवास और सुरेंद्र श्रीवास आंगन में संपन्न हो रहा। कथा श्रवण करने के लिए सिरली सहित आसपास के कई गांव के लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं और देवी भागवत कथा का आनंद ले रहे हैं। समस्त सिरली वासियों नवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में चल रही श्रीमद्देवी भागवत कथा आनंद उठा रहे हैं।

## श्रीमद् भागवत महापुराण कथामृत सत्संग में शामिल हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



ग्राम कोहरोद (कारी) में सेवानिवृत्त कृषि विस्तार अधिकारी श्री दशरथ लाल पटेल श्रीमती गंगोत्री पटेल परिवार द्वारा ग्राम में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा मैं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल जी शामिल हुए। उन्होंने सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण जी का एवं व्यासपीठ का विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर एवं भागवताचार्य पंडित श्री भानु प्रताप शर्मा जी से आशीर्वाद लेकर क्षेत्र के लोगों की खुशहाली सुख शांति समृद्धि की कामना की।

आयोजन करता श्री पटेल परिवार द्वारा श्री अग्रवाल जी का फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उन्होंने उपस्थित श्रोता समाज को संबोधित करते हुए भागवत कथा के संबंध में जानकारी दी। आज के इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डाक्टर अजय राव, वरिष्ट नेता गिरधारी लाल वर्मा, युवा मोर्चा के जिला मंत्री अनुपम बाजपेई, भाजपा मंडल लवन के अध्यक्ष विजय यादव, महिला मोर्चा के मंडल अध्यक्ष श्रीमति त्रिवेणी मानिकपुरी, ग्राम के सरपंच श्रीमति कांति बाई रजक, आयोजनकर्ता दसरथ लाल पटेल, श्रीमति गंगोत्री पटेल, गंगा पटेल, पन्ना लाल रजक, शांति बाई बंजारे रामकृपाल वर्मा, तुलसी पुरेना पंचराम फेकर गणेश राम बघेल, घनश्याम बंजारे जागेश्वर पैकरा सहित भारी संख्या में श्रोतागण ग्रामवासीगण उपस्थित थे।

## गाड़ा समाज के लोगों ने किया थाने का घेराव

** जातिसूचक गाली देने वाले आरोपी की एक माह बाद गिरफ्तारी होने से आक्रोश,अधिकारियों के आश्वासन के बाद हुए शांत*

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में रविवार को गाड़ा समाज के लोगों ने जिलाध्यक्ष गाड़ा समाज सक्ति जितेन्द्र चौहान के नेतृत्व में थाने का घेराव कर दिया। जातिसूचक गाली देने वाले आरोपी कमल चंद्रा की एक महीने बाद भी गिरफ्तार नहीं होने के विरोध मे समाज के लोग धरना प्रदर्शन कर रहे थे।



समाज के लोगों ने लगभग एक घंटे तक थाने का घेराव किया हुआ था। अधिकारियों के आश्वासन के बाद लोग शांत हुए। मामला जैजैपुर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, कोरबा निवासी विजय कुमार चौहान तबला वादक का काम करता है। 23 मार्च 2023 को वह अपनी रामायण मंडली के साथ जैजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मलनी में रामायण भजन कीर्तन करने के लिए गया था। 24 मार्च 2023 को रामायण मंडली की प्रतियोगिता हुई। जिसमे विजय कुमार चौहान की रामायण मंडली का चयन हुआ था। जैजैपुर निवासी कमल चंद्रा को जब तबला वादक के गाड़ा समाज के होने की जानकारी मिली तो कमल चंद्रा ने मंडली की गायिका लक्ष्मी कंवर को फोन के माध्यम से जातिसूचक गाली दिया। जिस समय कमल चंद्रा ने लक्ष्मी कंवर को फ ोन किया था। उस समय लक्ष्मी कंवर दादरखुर्द में रामायण मंडली के साथ बैठी हुई थी। इस पूरे मामले की शिकायत विजय कुमार चौहान ने जैजैपुर थाने में दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी कमल चंद्रा के खिलाफ एस्ट्रोसिटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था। लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर पाई है। आरोपी उस घटना के बाद से ही फ रार हो गया है। जैजैपुर थाना प्रभारी ने बताया की जातिसूचक गाली देने वाले आरोपी कमल चंद्रा के खिलाफएस्ट्रोसिटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। आरोपी को पकड़ने हर संभव प्रयास किया जा रहा है। आरोपी की पत्नी और बेटी का सीडीआर निकाला जा रहा है। आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### एक महीने बाद भी नहीं हुई गिरफ्तारी

*एक माह बाद भी आरोपी के गिरफ्तार ना होने पर समाज के लोगों ने रविवार को तहसील कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। जिसके बाद सैकड़ो की संख्या मे लोगों ने थाने का घेराव कर दिया। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों से गाड़ा समाज के पदाधिकारी पहुंचे हुए थे। एक घंटे तक थाने का घेराव करने के बाद जैजैपुर थाना प्रभारी के आश्वासन पर समाज के लोग शांत हुए और वापस चले गए।*

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in